www.sutrakarsamachar.com
सब्सक्राइब करें
सच का पैरोकार
# सूत्रकार
वर्ष : 60, अंक : 123
रांची, मंगलवार
07 मई 2024
पेज -08, मूल्य : 3 रुपया
बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत, 2081
DL No.30/2022 रांची व कोलकाता से प्रकाशित



हार्दिक पंड्या सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर : वसीम अकरम

# मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी और नौकर के घर से 30 करोड़ बरामद

**रांची, सूत्रकार**

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के नौकर के यहां से ईडी की रेड में 30करोड़ रुपये नगद बरामद किया गया है। वहीं संजीव लाल के करीबी बिल्डर मुन्ना सिंह के यहां से 5 करोड़ रुपये बरामद किया गया है। सोमवार सुबह चार बजे से शुरू हुई ईडी की रेड देर रात तक जारी थी।

**कहां हुई छापेमारी**

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के करीबी चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने सोमवार को छापेमारी कर तकरीबन 40 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार मंत्री के ओएसडी संजीव कुमार लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से ईडी ने तकरीबन 35 करोड़ बरामद किया। जहांगीर आलम भी मंत्री आलमगीर आलम का करीबी बताया जाता है। वहीं बाकी नगद राशि मुन्ना कुमार सिंह नाम के एक ठेकेदार और कुछ दूसरे इंजीनियरों के यहां से बरामद किया गया है।

सोमवार की सुबह चार बजे ईडी की टीम ने एक साथ मंत्री के ओएसडी संजीव कुमार लाल के दीनदयाल नगर स्थित सरकारी आवास, कांके रोड स्थित सीता निकेतन स्थित फ्लैट, हरमू रोड स्थित आवास, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट मुन्ना कुमार सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित फ्लैट, विकास कुमार, पथ निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर के सेल सिटी स्थित फ्लैट और कुलदीप मिंज, पथ निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर के बोड़ैया स्थित आवास पर छापेमारी शुरू की थी।

**पैसे जमा किए जाने की सटीक सूचना मिली थी ईडी को**

ईडी सूत्रों ने मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी को रांची में कुछ ठिकानों पर भारी मात्रा में नगद पैसे जमा किए जाने और उसके ट्रांजिट



किए जाने की पुख्ता सूचना मिली थी। इसी सूचना पर सबसे पहले ईडी की टीम रांची के गाड़ीखाना स्थित सर सैयद रेसीडेंसी पहुंची थी, इस दौरान फ्लैट नंबर 1 ए में जहांगीर के तीन कमरों में अलमारी बंद मिले। ईडी की टीम जब मौके पर पहुंची तब जहांगीर के पास चाबियां नहीं थी, ऐसे में ईडी संजीव लाल के यहां से चाबियां लेकर पहुंची।

तीन कमरों से ईडी ने पांच पांच सौ के बंडल में सारे नोट और लाखों के जेवरात बरामद किए। छापेमारी के क्रम में संजीव कुमार लाल के करीबी मुन्ना कुमार सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्वी अपार्टमेंट के फ्लैट में भी छापेमारी की गई। जहां से ईडी को तकरीबन पांच करोड़ मिले हैं। ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि विभागीय ठेकों में कट मनी के साथ साथ ट्रांसफर पोस्टिंग में मोटे रकम की वसूली होती थी। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम जब गाड़ीखाना पहुंची तो वहीं रहने वाले मंत्री के निजी सचिव गजनफ्फर उर्फ छोटू भी वहीं मौजूद थे, लेकिन वह अपनी कार से मौके से निकल गए।

**संजीव समेत अन्य से हो रही पूछताछ**

नोटों की बरामदगी के बाद ईडी की टीम संजीव लाल, जहांगीर, मुन्ना समेत अन्य से पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक, जहांगीर ने कबूल किया है कि संजीव लाल ने यहां पैसे रखवाए थे। वहीं मुन्ना के द्वारा बताया गया है कि उसके यहां से बरामद पैसे भी सर सैयद रेसीडेंसी स्थित फ्लैट पर पहुंचाए जाने थे, लेकिन इससे पहले ही ईडी ने छापेमारी कर पैसे बरामद कर लिए।

## झारखंड में कैश बरामदगी पर पीएम मोदी का तंज

**रांची, सूत्रकार**



झारखंड में हो रही ईडी की छापेमारी में पीएम मोदी की भी एंट्री हो गई है। ओडिशा के नबरंगपुर में लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इस छापेमारी का जिक्र किया है।

अपने भाषण में पीएम मोदी ने कहा कि अभी आप घर जाओगे तो टीवी पर देखना आज यहां पड़ोस में झारखंड में नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं नोटों के पहाड़। लोगों के चोरी किए माल पकड़ रहा है मोदी वहां। आप मुझे बताइए मैं चोरी बंद कर दूं, इनकी कमाई बंद कर दूं, इनकी लूट बंद कर दूं तो मोदी को गाली देंगे कि नहीं देंगे। लेकिन गाली खा कर मुझे ये काम करना चाहिए कि नहीं करना चाहिए। आप मुझे बताइए आपकी पाई-पाई बचानी चाहिए कि नहीं बचानी चाहिए। आपके हक का पैसा बचाना चाहिए कि नहीं बचाना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### राहुल गांधी आज झारखंड में, करेंगे चुनावी सभा

**रांची, सूत्रकार**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक राहुल गांधी आज मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। वे अपने दौरे पर सबसे पहले टाटा कॉलेज चाईबासा में झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में सुबह 11:30 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद राहुल गांधी गुमला जिले के बसिया के कोनवीर में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में दिन के 2 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने एआईसीसी से एप्रुव कार्यक्रम को जारी करते हुये दी।

शांति ने बताया कि राहुल गांधी के दौरे को लेकर संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर आमसभा को सफल बनाने के लिए रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा के कार्यकर्ता एवं नेताओं को निर्देश दिए गए हैं। साथ हीं सभा स्थल पर तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके अलावा इंडिया के घटक दलों एवं उम्मीदवार के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित कर सभा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

### केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। वह पहले ही कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ में बंद हैं। अब उन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस से राजनीतिक चंदा लेने का आरोप लगा है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इसकी एनआईए जांच की सिफारिश कर दी है। सूत्रों के मुताबिक उपराज्यपाल को शिकायत मिली है कि आम आदमी पार्टी ने सिख फॉर जस्टिस से 16 मिलियन डॉलर का फंड लिया है। उपराज्पाल को लिखे पत्र में बताया गया है कि यह चंदा कट्टर खालिस्तानी समर्थक देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करने और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के एवज में मिला है।

एलजी को यह पत्र वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन- इंडिया नामक संगठन ने लिखा है। इसमें बताया गया है कि आम आदमी पार्टी ने यह चंदा 2014 से 2022 के बीच में लिया। आगे लिखा है 2014 में अमेरिका के शहर न्यूयॉर्क स्थित एक गुरुद्वारे में सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू और केजरीवाल की मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग में केजरीवाल ने पन्नू को आश्वस्त किया था वह 1993 दिल्ली बम धमाके में दोषी उम्र कैद की सजा काट रहे भूल्लर को जेल से रिहा कराने में मदद करेंगे।

# चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए हेमंत सोरेन, परिजनों से मिलकर हुए भावुक

**रामगढ़, सूत्रकार**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को पुलिस कस्टडी में अपने पैतृक आवास नेमरा पहुंचे और अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए। इस दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन, भाई बसंत सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन सहित परिवार के तमाम सदस्य मौजूद थे।

**श्राद्ध की सभी रीति का हेमंत ने किया निर्वहन**

हेमंत सोरेन हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद पुलिस कस्टडी में अपने पैतृक आवास नेमरा पहुंचे है। उन्होंने श्राद्ध की सभी रीति निभाई और पैतृक आवास में परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।

चाचा के दशकर्म के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन और दोनों बेटे से भी मिले। परिवार के लोगों से मिलकर हेमंत सोरेन भावुक हो गए। इस दौरान उन्होंने मीडिया से दूरी बनाई रखी।

**हाईकोर्ट ने प्रोविजनल बेल देने से कर दिया था इनकार**

आपको बता दें कि चाचा की मृत्यु के बाद उनके श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अदालत में याचिका दायर कर औपबंधिक जमानत देने की गुजारिश की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए (प्रोविजनल बेल) औपबंधिक जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें 6 मई को चाचा के श्राद्ध कर्म में जाने की अनुमति मिली थी।

**शर्तों के साथ श्राद्ध कर्म में शामिल होने की कोर्ट ने दी थी अनुमति**

हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि श्राद्ध कर्म में शामिल होने के क्रम में हेमंत सोरेन न तो मीडिया से बात करेंगे और न ही किसी तरह का राजनीतिक भाषण देंगे। वे पुलिस कस्टडी में ही रहेंगे।



### झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ हेमंत सोरेन पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**रांची, सूत्रकार**

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। ये याचिका उनके अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने डाली है। बीते दिनों हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**3 मई को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका :** कपिल सिब्बल ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए उखकके समक्ष मामले का उल्लेख किया। उखकने कहा कि वह अनुरोध पर गौर करेंगे। 3 मई को झारखंड हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सोरेन की रिट याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। अपनी याचिका में सोरेन ने दावा किया है कि उनकी गिरफ्तारी अनुचित थी और मामले में उनकी रिमांड मनमाना और अवैध थी।

# रामटहल चौधरी की हुई घर वापसी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री ने पार्टी में कराया शामिल

**रांची, सूत्रकार**

पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की घर वापसी हो गई है। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने उनके आवास पर जाकर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, रांची प्रत्याशी संजय सेठ, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार मौजूद रहे।

बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज रामटहल चौधरी ने भाजपा छोड़ दिया था। श्री चौधरी ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वह कांग्रेस में शामिल हो



गये थे। कांग्रेस ने जब उन्हें टिकट न देकर सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दे दिया। इसके बाद नाराज रामटहल चौधरी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा था कि वह टिकट की शर्त पर कांग्रेस में शामिल हुये थे। वह कांग्रेस का झंडा ढोने के लिए कांग्रेस में नहीं गये थे। रामटहल ने कहा था कि कांग्रेस जीती हुई सीट हार गई।

## स्कॉर्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर, स्कूटी सवार दो सगी बहनों की मौत

**धनबाद, सूत्रकार**

शहर के गोल बिल्डिंग से कतरास मोमको मोड़ जाने वाली 8 लेन सड़क पर असर्फी अस्पताल और बिरसा मुंडा पार्क के बीच सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ। जिसमें एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होने के बाद स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो पूरी तरह से सड़क पर पलट गई।

डीएसपी संदीप गुप्ता ने बताया कि बिरसा मुंडा पार्क की तरफ से एक स्कॉर्पियो तेज रफ्तार में भूली की तरफ जा रही थी। असर्फी हॉस्पिटल से पहले अचानक एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर भूली से मेमको मोड़ जाने वाली सड़क में घुस गई। इससे पहले की स्कॉर्पियो नियंत्रित हो पाती, स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी।

स्कूटी को टक्कर मारने के बाद स्कोर्पियो पूरी तरह से पलट गई। इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों की मौके पर ही मौत हो गई है। धैया की रहने वाली दोनों बहने भूली से पढ़ाई के बाद स्कूटी पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रही थी। इस दौरान यह हादसा हुआ है। मृत सगी बहनों के नाम इशिका होरो और जिया होरो है। इशिका बड़ी बहन थी, जिया नाबालिग थी।

वहीं, घटना के बाद स्कॉर्पियो में सवार दो लड़कों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। घटना के वक्त लोग काफी थे। कुछ प्रबुद्ध जनों ने दोनों लड़कों एक जगह बंद करके रखा था। पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों लड़कों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। दोनों लड़कों के नाम प्रदीप मंडल और राजीव कुमार भारती है। बताया जा रहा है कि ये लोग धनसार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने दोनों शव को उठवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने भरा नामांकन

**रांची, सूत्रकार**

रांची लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में यशस्विनी सहाय ने आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। यशस्विनी सहाय के नामांकन के समय राज्यसभा सांसद महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार यशस्विनी सहाय ने 04 सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है।



रांची से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि उन्हें जनता का प्यार और समर्थन मिलेगा। 04 सेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सांसद संजय सेठ को जवाब देना होगा।

## गिरिडीह लोकसभा से मथुरा महतो व चंद्रप्रकाश चौधरी ने भरा पर्चा



**गिरिडीह, सूत्रकार**

महागठबंधन की तरफ से जेएमएम प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के समक्ष गिरिडीह से दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान मथुरा प्रसाद महतो के साथ मंत्री बेबी देवी समेत इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता व मंत्री मौजूद रहे।

वहीं, गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन संसदीय क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ आजसू प्रमुख सुदेश महतो समेत कई नेता मौजूद रहे।

# 12 राज्यों की 94 सीटों पर मतदान आज

## अमित शाह, डिंपल यादव समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए कल मतदान होगा। इस चरण में 12 राज्यों की 94 सीटों पर मतदान होगा। इसी चरण में गुजरात की सभी 26 सीटों पर मतदान होगा। इसके अलावा कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर में भी वोट डाले जाएंगे। अमित शाह गांधी नगर से दूसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, सपा सांसद डिंपल यादव मैनपुरी सीट पर अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस द्वारा कोई मजबूत उम्मीदवार खड़ा नहीं किए जाने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने मौजूदा सांसद एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए 10 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत की उम्मीद कर रही है। अतीत में, मुख्य रूप से इस शहरी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा के लालकृष्ण आडवाणी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेता कर चुके हैं। हालांकि यह सीट 1989 से भाजपा का गढ़ रही है, लेकिन जब कांग्रेस ने टी एन शेषन और राजेश खन्ना जैसे दिग्गज लोगों को अपना उम्मीदवार बनाया तो यहां दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला था। कांग्रेस ने इस बार शाह के खिलाफ अपनी गुजरात महिला इकाई की अध्यक्ष सोनल पटेल को मैदान में उतारा है।

तीसरे फेज में करीब 120 महिलाओं समेत 1300 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं। बड़े



नेताओं में केंद्रीय मंत्री अमित शाह (गांधीनगर), ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), मनसुख मंडाविया (पोरबंदर), पुरुषोत्तम रूपाला (राजकोट), प्रह्लाद जोशी (धारवाड़) और एसपी सिंह बघेल (आगरा) शामिल हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान (विदिशा) और दिग्विजय सिंह (राजगढ़) भी इस बार लोकसभा चुनाव में ताल ठोक रहे हैं।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई (हावेरी) और बदरुद्दीन अजमल (धुबरी) की किस्मत भी 7 मई को ईवीएम में कैद हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में दिवंगत मुलायम सिंह यादव के परिवार के कई सदस्य भी इस चरण में चुनाव लड़ रहे हैं। बता दें कि सूरत में बीजेपी के निर्विरोध जीतने के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात की 25 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा। इसके अलावा महाराष्ट्र की 11 सीटों पर, उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर, कर्नाटक की 28 में से शेष 14 सीटों पर, छत्तीसगढ़ की 7 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 9 सीटों पर, बिहार की 5, असम और पश्चिम बंगाल की 4-4 और गोवा की सभी 2 सीटें भी मतदान होगा। इसके साथ ही केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव की 2 सीटों पर भी तीसरे चरण में वोटिंग होगी। बता दें कि अनंतनाग-राजौरी सीट पर होने वाला चुनाव अब छठे चरण के लिए टाल दिया गया

### डिंपल समेत इन नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

डिंपल यादव मैनपुरी सीट को चुनावी ताल ठोक रही हैं। वहीं, सपा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद सीट को फिर से जीतने को लिए पसीना बहा रहे हैं, जिसे उन्होंने 2014 में जीता था। उधर, बदायूं लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे आदित्य यादव सपा के गढ़ को जीतने की कोशिश करेंगे। जिसका प्रतिनिधित्व 2014 में उनके चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव ने किया था। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा सीट से हैट्रिक लगाने की उम्मीद कर रहे हैं।

### बारामती में सुप्रिया सुले और सुनेत्रा के बीच मुकाबला

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर 7 मई को चुनाव होगा। इसमें बारामती सीट भी शामिल है। जहां शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का मुकाबला महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से है। तीसरे चरण में बारामती, रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले में वोटिंग होगी।

# पश्चिमी सिंहभूम में राहुल गांधी की आम सभा आज, होगी ऐतिहासिक : महागठबंधन

**चाईबासा, सूत्रकार**



पश्चिमी सिंहभूम जिला के कांग्रेस भवन चाईबासा में राहुल गांधी की मंगलवार को होने वाली इंडिया गठबंधन की आम सभा को लेकर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में बुथ लेबल कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश लेबल के सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस तैयारी बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंगलवार समय को 10.30.होने वाली इंडिया गठबंधन की आम सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस लें। क्योंकि यह लड़ाई बीजेपी बनाम आम आदमी की लड़ाई है।

बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा आज देश के हर वर्ग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त एवं त्राहिमाम है। और इसका संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक लोगों का हुजूम को आम सभा में लाना सुनिश्चित करना हम सबका जिम्मेदारी होना चाहिए। इसके लिए पार्टी के सभी कार्यकताओं को योजनाबद्ध तरीके से जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं में काफी जोश एवं उत्साह देखने को मिल रहा है। तैयारी बैठक को डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, देवेंद्र नाथ चांपिया, विधायक सोना राम सिंकु, विजय खां, जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास व नितीमा बारी आदि ने संबोधित किया। सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यकताओं को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना - अपना भागीदारी सुनिश्चित करने का आवान किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास ने किया। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से अशरफुल होदा, रंजन बोईपाई, अंबुराय चौधरी कृष्णा सोय, लक्ष्मण हासदा, सौरभ अग्रवाल प्रीतम बंकीरा, जगदीश सुन्डी, लक्ष्मण हासदा, दीनबंधु बोयपाई, विवेक विशाल प्रधान।

## महिलाओं का देश में अपमान हो रहा है और प्रधानमंत्री दर्शक बने हुए हैं : जेबा



**चाईबासा, सूत्रकार**

जगन्नाथपुर विधानसभा की प्रभारी जेबा खान ने कहा कि मंगलवार को राहुल गांधी चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में आम जनता को संबोधित करेंगे और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जोबा मांझी के लिए वोट भी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मंच से लोगों को युवा, नारी, किसान, हिस्सेदारी और श्रमिक न्याय के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के साथ सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के लोग वोट देने से पहले यह जरूर सोचे कि मणीपुर की महिलाओं के साथ क्या हुआ, जंतर मंतर में पहलवान महिला बहनों के साथ क्या हुआ , मनीषा वाल्मीकि के साथ क्या हुआ। यह सब यदि सोचेंगे तो निश्चित रूप से बदलाव की तरफ आपका कदम बढ़ेगा ।बदलाव आप भी चाहेंगे ।देश में हर जगह महिलाओं को अपमान किया जा रहा है। इसके बावजूद किस मुंह से प्रधानमंत्री वोट मांगे फिर रहें हैं ।प्रधानमंत्री कभी भी महिलाओं के हित के बारे में नहीं सोचा है। उन्होंने का बेरोजगारो रोजगार नहीं दिया जा रहा है। बच्चे नौकरी पाने के लिए हर परीक्षा में शामिल हो रहें हैं, लेकिन हर बार पेपर लीक कर दिया जा रहा है। बच्चे नौकरी से वंचित हो रहें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा झुट पर झुट बोल कर वोट मांगने में लगी है ।झुट अघीक दिनों तक नहीं चलता है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव असरफूल होदा,जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास,युवा अध्यक्ष बांकिया, मो, सलीम समेत कांग्रेसी उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### धनबाद लोकसभा के लिए अंतिम दिन 10 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**धनबाद, सूत्रकार**

लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के समक्ष 10 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची निर्वाचन पदाधिकारी के कक्ष में मौजूद थे। सोमवार को जयराम महतो की पार्टी के धनबाद प्रत्याशी मोहम्मद एकलाक अंसारी के अलावे तुलसी महतो, निताई दत्ता, हीरा लाल शंखवार, मोहम्मद फैसल खान, मोहन सिंह, मोहम्मद तफाजुल हुसैन, अकबर अली, त्रिदेव कुमार महतो तथा गौतम कुमार महतो ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 7 मई को सुबह 11:00 बजे से नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी शुरू की जाएगी। वहीं 9 मई 2024 को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। 4 जून को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। नामांकन के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची,उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार,निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला व अन्य लोग मौजूद थे।

### उद्यमी संगठन इसरो ने जिला प्रशासन को सौंपा 50 व्हील चेयर

**आदित्यपुर, सूत्रकार**

नवगठित औद्योगिक संगठन इंडस्ट्रियल स्टेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स आगेर्नाइजेशन ने सोमवार को सरायकेला जिला प्रशासन को 50 व्हीलचेयर सौंपा। अध्यक्ष रूपेश कतरीयार ने कहा कि इस देश और समाज हित में इस आम चुनाव में अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन में सक्रियता निभाते हुए संगठन ने आपसी आर्थिक सहयोग से 50 व्हील चेयर सौंपा है। वे उद्यमी साथियों के साथ आज जिला मुख्यालय में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला को व्हीलचेयर सौंपा है।

उन्होंने बताया कि जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक प्रेमरंजन ने उनसे इस चुनाव मे हर बूथ पर बुजुर्गों एवं दिब्यांगो को वोट देने मे मदद हेतु व्हीलचेयर देने का सहयोग की अपेक्षा जताई थी। जिसपर इसरो ने तुरंत आपसी सहयोग से 50 व्हील चेयर सरायकेला जिलाप्रशासन को मुहैया कराया है। आज इसरो एक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष रुपेश कतरियार के नेतृत्व में जिला मुख्यालय जाकर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला,डीडीसी प्रभात कुमार बदीर्यार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर की उपस्थिति में 50 व्हील चेयर चुनाव कार्य हेतु सौंपा है। प्रतिनिधि मंडल में एनके सिंह, एचआर जैन, समीर सिंह, मनोज कुमार, विनय सिंह, संदीप मिश्रा, उत्तम कुमार, पंकज झा, सौरव चौधरी एवं अवनीत मुतरेजा शामिल थे।

### झारखंड में चल रहा भ्रष्टाचार का मेगा शो : सतीश शर्मा

**आदित्यपुर, सूत्रकार**

भाजपा नेता और नमो फैंस क्लब के संरक्षक सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार का प्रतीक बन गयी है। कांग्रेस भ्रष्टाचार के आकंठ डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नित्य प्रति भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सतीश शर्मा ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार का मेगा शो चल रहा है। धीरज साहू के बाद कांग्रेस के एक और नेता आलमगीर आलम की काली कमाई का पदार्फाश हुआ है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस - संजीव लाल के घरेलू सहायक के ठिकाने से करीब 30 करोड़ नकदी बरामद हुआ।

उन्होंने कहा कि यह सोचने वाली बात है कि एक निजी सहायक के नौकर के पास इतनी बड़ी रकम कहां से आ सकती है। सीधे तौर पर इस काली कमाई का कनेक्शन आलमगीर आलम से है। झारखंड की सरकारें जनता की गाढ़ी कमाई को हड़प कर अपनी तिजोरी भरने में लगी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में तो ह्वबड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्लाहह्व जैसी स्थिति है। जेएमएम का शीर्ष नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं, लेकिन दूसरे नेता भी बेखौफ होकर काली कमाई कर रहे हैं। जनता के सामने घमंडिया गठबंधन का चरित्र उजागर हो चुका है।

### उम्मीदवारों से पूछें सवाल और निश्चित रूप से करें मतदान

**चांडिल, सूत्रकार**

विस्थापित मुक्ति वाहिनी ने पत्र जारी कर लोगों से शत प्रतिशत मतदान को लेकर प्रोत्साहित किया है। पत्र में वाहिनी ने कहा कि जागरूक और सक्रिय मतदाता ही लोकतंत्र का आधार है। भारत के संविधान ने हम सभी को यह अधिकार और अवसर दिया है कि हम अपने प्रतिनिधियों को चुनें। तो हमारा यह दायित्व भी है कि हम सांसद या विधानसभा के लिए उपयुक्त, जनता और संविधान के प्रति समर्पित एवं सज्जन प्रतिनिधि चुनकर भेजें।

यह तब संभव है जब हम हर एक उम्मीदवार का परीक्षण करें, जांचें। ऐसा करने के लिए सभी उम्मीदवारों की जानकारी चाहिए। उनसे कुछ प्रश्न पूछे जाने चाहिए जिससे यह पता चले कि उनकी अतीत में क्या भूमिका रही हैं, वर्तमान में क्या कर रहें हैं और भविष्य में क्या करेंगें ? स्वाभाविक रूप से प्रश्न सत्ताधारी दल के उम्मीदवारों से विशेष रूप से पूछे जाएंगे। वाहिनी ने पश्न भी तैयार किए है और जनता से उम्मीदवारों से इसका जबाव मांगने का अपील किया है।

### बच्चों को सोशल मीडिया व मोबाइल से दूर रखें : डॉ आशीष

**किरीबुरु, सूत्रकार**

केन्द्रीय विद्यालय, मेघाहातुबुरु के प्राचार्य डा आशीष कुमार एवं उप प्राचार्य रविशंकर चौधरी की देखरेख में अभिभावक-शिक्षक की बैठक आयोजित किया गया। यह बैठक 10 वीं वर्ग के छात्र-छात्राओं की शिक्षा से जुड़ी एक माह की प्रगति की समीक्षा को ध्यान में रखते हुये आयोजित किया गया। अगले वर्ष इन छात्र-छात्राओं को 10 वीं बोर्ड की परीक्षा होनी है। इस लिये विद्यालय प्रबंधन बेहतर रिजल्ट हेतु अभी से हीं बच्चों के बेहतर शिक्षा व इसमें उनके अभिभावकों को जोड़ने हेतु यह प्रयास तेज किया है।

विद्यालय के प्राचार्य व उप प्राचार्य ने कई बच्चों की अनुपस्थिति को चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि सारंडा जैसे रिमोट क्षेत्र में स्थित इस स्कूल के बाहर अतिरिक्त शिक्षा का बेहतर व वैकल्पिक सुविधा नहीं है। ऐसे में बच्चे स्कूल से गायब रहेंगे तो उनकी शिक्षा प्रभावित होगी। कुछ बच्चे परीक्षा बीच में छोड़ अभिभावक के साथ शादी या अन्य कार्यक्रम में चले गये जो चिंता का विषय है। जो बच्चे परीक्षा में शामिल नहीं हुये हैं उनका री-टेस्ट होगा। बच्चों का हर माह टेस्ट लिया जायेगा। पिछले 4-5 वर्षों में बोर्ड परीक्षा में पूछे गये सवालों पर भी विशेष फोकस कर उसपर बच्चे काम करें। आने वाले वर्ष में बोर्ड की परीक्षा में हमारे स्कूल के सारे बच्चे बेहतर करें। बच्चों व अभिभावक पढाई के दौरान स्वंय को मोबाईल से दूर रखे। बच्चों के साथ बैठकर उसे पढाई कराए।सोशल मिडिया से बच्चों को दूर रखें। मोबाईल का प्रयोग अपनी शिक्षा से जुड़ी कार्यों से हो। रात में सोते समय बच्चों के पास से मोबाईल अपने पास अभिभावक रखे। बच्चों को पौष्टिक आधार व पर्याप्त निंद सुनिश्चित करें। उनका हौसला बढाय़ें, न कि तनाव में डालने की कोशिश करें। गर्मी छुट्टी के दौरान बच्चों को विशेष टास्क दिया जायेगा। बच्चे पढा.पर ध्यान केन्द्रित कर अपना बेहतर भविष्य का निर्माण हेतु आगे बढे.। इस दौरान काफी संख्या में अभिभावक व वर्ग शिक्षक मौजूद थे।

# हाटगम्हारिया में झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में निकाली रैली,जनता से मांगा समर्थन



**चाईबासा, सूत्रकार**

झामुमो पार्टी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को चाईबासा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में हाटगम्हारिया में रैली निकालते हुए जनता से समर्थन मांगा। रैली हाटगम्हरिया प्रखंड झामुमो कार्यालय से निकल कर सरकारी तालाब, मुख्य बाजार, फॉरेस्ट कॉलोनी, शिव मंदिर होते हुए मेन रोड, पुराना स्टेट बैंक, थाना परिसर होते हुए पुनः झामुमो कार्यालय वापस लौटे। इस दौरान हजारों की संख्या में शामिल झामुमो कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने जोबा मांझी जिंदाबाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, इंडिया गठबंधन जिंदाबाद आदि के जोरदार नारे लगाए। रैली में शामिल कार्यकर्ता व समर्थकों ने इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी श्रीमती जोबा माझी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर झामुमो कार्यकताओं ने केंद्र के भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के दस साल के शासन में महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार सहित कई अनियमितताएं हुई है। भाजपा झूठ की राजनीति करती है। जनता भाजपा के झूठे वादों से त्रस्त है। अब भाजपा वाले 400 पार का नारा लगाते हुए देश की संविधान बदलने एवं आरक्षण को समाप्त करने की बात कह रहे हैं। ऐसा कभी नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलवंत गोप, सचिव गोपाल हेंब्रम, प्रमिला पिंगुआ, एलिजाबेथ गागराई, राजेश सिंकु, राजेंद्र गागराई, जीवनी सिंकु, नंदू सिंकु, राजेश्वर चातोंबा, हरिचरण बिरूवा, प्रदीप बिरुवा, किशोर गागराई, कुलदीप गागराई, मंगल बिरूवा, प्रेम सुरीन, दंपा, माटू, सुनील बिरुवा समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल थे।

## रघुवर दास की सरकार ने मानकी, मुंडा, डाकुवा की सम्मान राशि को किया था डबल : सुकलाल कुंकल

**चाईबासा, सूत्रकार**

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह मंझारी प्रखंड के गितिलिपि इलाका मानकी सुकलाल कुंकल ने बयान जारी कर कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री भोले भाले आदिवासियों को बहका रहें है,वोट बटोरने के लिये झूठ का सहारा लेकर जनता को गुमराह करने का कुटिल प्रयास कर रहें हैं ।पर उनकी मंशा कभी पूरी नही होगी,क्योंकि कोल्हान की जनता झारखंड मुक्ति मोर्चा के सच को बखूबी जान चुकी है,जनता इनके करतूतों से वाकिफ हो चुकी है,ये लोग 5 सालों में एक भी जनहित के कार्य नही किये हैं। श्री कुंकल ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन भारतीय जनता पार्टी ने किया,आदिवासियों के विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अलग से मंत्रालय बनाया,एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया,झारखंड के भगवान बिरसा मुंडा जी के जयंती को जनजातीय ( आदिवासी ) गौरव दिवस घोषित किया। डबल इंजन की सरकार समय भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मानकी मुंडाओं के साथ डाकुवाओं को हर माह मिलने वाली सम्मान राशि को दुगुना किया था।

## ऐतिहासिक होगी राहुल गांधी का जनसभा : निरल पूर्ति

**मझगांव, सूत्रकार**

झामुमो के मझगांव प्रखंड पार्टी कार्यालय में सोमवार को मझगांव विधायक निरल पुर्ती ने गठबंधन पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित कर लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा किया। विधायक ने कहा कि 7 मई को महागठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान आ रहे हैं। राहुल गांधी के सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए मझगांव प्रखंड से हजारों महागठबंधन दल के पार्टी कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचकर उनकी बातों को सुनेंगे ।अधिक से अधिक मतदाताओं को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनाने के लिए मतदाताओं तक पहुंच बनाकर राज्य सरकार द्वारा की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को बताएं।

# भाजपा हाटगम्हरिया मंडल ने किया 'पथसभा' कार्यक्रम का आयोजन

**चाईबासा, सूत्रकार**



भारतीय जनता पार्टी हाट गम्हरिया मंडल द्वारा पथसभा कार्यक्रम का आयोजन कोचड़ा पंचायत ग्राम कोटडा में किया गया। इसमें पंचायत स्तर पर निवास करने वाले सभी कार्यकर्ता एवं आम जनों को पथसभा के माध्यम से जोड़ा गया। जिसका संचालन ब्रजमोहन चातोम्बा के द्वारा किया गया। पथसभा को संबोधन अभिजीत गागराई, देवेंद्र कुमार, जीज्ञंसु बेहेरा ने किया । मुख्य वक्ता चुमरू चातोम्बा ने कहा कि हमारी भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा प्रचंड मतों से जीत रही है जिससे विपक्षी दल को घबराहट हो गया है कि हमारी इतने विधायक और सरकार में रहते हुए हम जीत नहीं पा रहे हैं। इंडिया गठबंधन इसीलिए जीत नहीं रही है क्योंकि उन्होंने चार वर्षों में जनता के हित में कोई निर्णय नहीं लिया है, कोई एक भी योजना बताएं सरकार के लोग जिससे जनता को लाभ हुआ है। जोबा मांझी पिछले कई वर्षों से लगातार विभिन्न सरकारों में मंत्री रही हैं,बताएं कि सांसद प्रत्याशी बनने के पूर्व कब कहां जनता के लिए पहुंची और जनता का हाल-चाल लिया है। मुझे लगता है कि ऐसे सांसद प्रत्याशी से तो बात भी नहीं करना चाहिए। आज उनका अपना कोई नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री बनेगा लेकिन हमारा तो तय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बन रहे हैं और देश का चौमुखी विकास होगा और समाज की अंतिम व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। आज के कार्यक्रम में शत्रुघ्न हेंब्रम रामनाथ कर जी लक्ष्मी कुमार मंगल कुमार समेत ग्रामीण सम्मिलित हुए।

# जनता के बीच मोदी की गारंटी लेकर जायें : अमर बाउरी

**झरिया, सूत्रकार**



झरिया अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को शक्ति केंद्र कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक मतों से जिताने का संकल्प लिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे समर्पण भाव से समाज के लिए कार्य करते है। जनता के बीच हमलोग नरेंद्र मोदी की गारंटी को लेकर जा रहा हैं। जिसके हाथों में कमल का निशान हैं वह भाजपा का प्रत्याशी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में झरिया से कमल खिलेगा। उन्होंने बूथ के पदाधिकारीयों को सक्रिय करते हुए वोटर्स से संपर्क करने को कहा। पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने का आह्वाहन किया। कहा कि भाजपा ने देश को सुदृढ़ करने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए है। धारा 370, राम मंदिर निर्माण सहित देश का विश्व की आर्थिक महाशक्ति के रूप में निरन्तर बढ़ना अनेकों निर्णय है जहाँ आज भारत का सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस ने राज्य में साढ़े चार साल में गठबंधन की सरकार में सिर्फ झारखंड में भ्रष्टाचार और दोहन ही किया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि मोदी जी ने सैंकड़ों विकास कार्य किए हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाना है। झरिया में पिछले लोकसभा चुनाव से बढ़कर वोट मिलेगा। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर लगे हैं, उन्ही के बदौलत ही पार्टी का परचम लहराता है। इस दौरान मौके पर प्रदेश मंत्री सरोज सिंह,महानगर जिलाध्यक्ष श्रवण राय, लोकसभा चुनाव प्रभारी सुरेश साव, सतेंद्र कुमार, राजकुमार अग्रवाल, संजीव अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## झामुमो आदिवासियों को सुरक्षा प्रदान में असफल : चंद्रमोहन

**चाईबासा, सूत्रकार**

सदर प्रखंड, तुईबिर पंचायत के ग्राम कुईदबुसु:, सोसोंहातु में ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान के द्वारा जन जागरण सह जनांदोलन चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता चंद्रमोहन बारी ने की। संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बुड़ीउली और सचिव सुरेश सोय के नेतृत्व में यह अभियान सदर प्रखंड के ईचा डैम से प्रभावित होने वाले 13 गांवों में चलाया जा रहा है। क्रांतिकारी अगुवा चंदमोहन बारी ने अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि झामुमो विस्थापितों से किया वादा पूरा करे। जल, जंगल और जमीन से जुड़ी हुई पार्टी आज आदिवासियों सुरक्षा प्रदान करने में असफल रही है।

भाजपा और झामुमो महागठबंधन में कोई अंतर नहीं रहा। अपने सपने समय में दोनो ने अपना स्वार्थ मात्र सदा है। झामुमो अपने मुख्य चुनावी मांग पत्र में ईचा डैम को रख कर इसे रद्द करने से मुकर क्यों रहा है।

# कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क करने धनबाद पहुंचे पप्पू यादव

## खटाल में बैठ खाया दाल, भात, चोखा और की अनुपमा को जिताने की अपील

**धनबाद, सूत्रकार**



बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले पूर्व सांसद पप्पू यादव सोमवार को धनबाद पहुंचे। वे यहां कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में लोगों से मिलकर उन्हें जिताने के अपील कर रहे थे। पप्पू यादव ने अनुपमा के पक्ष में अपना जनसंपर्क अभियान शहर के बरामूड़ी खटाल से शुरू किया। इसके बाद वे बसेरिया, पुटकी, निरसा, कुमारधुबी, झरिया के पुराना राजगढ़ बकरिहाट, चासनाला इत्यादि स्थानों पर सभा कर लोगों से अनुपमा को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान पप्पू यादव भाजपा और नरेंद्र मोदी पर खूब बरसे। अपने संबोधन में उन्होंने कोरोना काल मे अपने द्वारा किये गए समाजसेवा को याद दिलाते हुए कहा कि उस दिन को मत भूलिए जब बिहार, झारखंड के मजदूर पैदल चलकर अपने घर पहुंच रहे थे तो यह लोग अपने अपने घरों में सो रहे थे।

**चार जून के बाद पूर्णिया लिखेगा इतिहास : पप्पू यादव**

पप्पू यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूर्णिया सीट पर आज पूरे दुनिया की नजर है। कहा कि उनका किसी से भेदभाव नहीं है। सभी लोग उनके साथ हैं। पूर्णिया में इस बार जाती धर्म और बाहुबल पर मतदान नहीं हुआ बल्कि उनके द्वारा किये गए कार्यो को देखकर जनता ने मतदान किया है। चार जून को मतगणना के बाद पूर्णिया इतिहास लिखेगा।

**धनबाद से अनुपमा ही होंगी विजयी**

पप्पू यादव ने कहा कि झारखंड बनने में कांग्रेस का योगदान है। वर्तमान समय में महिलाएं भाजपा से अलग हो रही हैं, युवाओं में आक्रोश है, किसानों की आवाज दबाई जा रही है, छोटे व्यपारियों की या तो हालत खराब है या बर्बाद हो चुके हैं। धनबाद से अनुपमा कम से कम 3 लाख वोटों से चुनाव जीतेंगी।

**खटाल में खटिया पर बैठ खाया दाल, भात और चोखा**

जनसंपर्क अभियान के दौरान बरामूड़ी में पप्पू यादव अपने चिर परिचित अंदाज में दिखे। उन्होंने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई, खटाल में खटिया पर बैठकर दाल, भात, चोखा और सब्जी भी खाया। वहीं कई जगह वे धनबाद से अपने पुराने रिश्ते का भी जिक्र करते हुए 90 के दशक के अपने दोस्तों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि धनबाद उनका परिवार है। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सहित राजद के कई नेता भी मौजूद थे।

# इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार परिवारवाद व तुष्टिकरण : सुदेश महतो

**गिरिडीह, सूत्रकार**

एनडीए गठबंधन देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद बांधडीह हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन आशीर्वाद नामांकन सभा में कही। उन्होंने कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने अपने प्यार और समर्थन से नामांकन कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। लोगों में वर्ष 2019 से अधिक उत्साह दिख रहा है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार बनेंगे। झारखंड की सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी है। एक और काली कमाई का ढेर साढ़े चार साल में इनकी करतूतों को उजागर कर रहा है।



**हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी**

बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने का शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है। केंद्र सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार की भलाई है।

**जेएमएमझकांग्रेस विकास के विरोधी : बाबूलाल मरांडी**

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी हैं। साढ़े चार साल के अपने कार्यकाल में इस सरकार ने राज्य को लूटने का काम किया है। यह जमीन, पत्थर, कोयला, बालू लूटने वाली सरकार है। राज्य समेत देश की जनता गांव, गरीबों की चिंता करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाएगी।

चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल जन सैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गिरिडीह लोकसभा की जनता ने एनडीए को पुनः अपना विश्वास और समर्थन देने का निश्चय किया है। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में इस कार्यकाल में कई विकास कार्यों की शुरुआत की गई है, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### मंडल डैम को लेकर पीएम मोदी पर हमलावर हुए इंडिया गठबंधन के नेता, पूछ रहे - कहां है मोदी की गारंटी



**पलामू , सूत्रकार**

मंडल डैम के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है। इंडिआ गठबंधन के नेता लोगों के बीच जा रहे हैं और इसके बारे में लोगों को बता रहे हैं। दरअसल, 5 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम के अधूरे काम को पूरा करने के लिए शिलान्यास किया था। लेकिन आज तक इसका काम शुरू नहीं हो सका। मंडल डैम झारखंड के पलामू, चतरा और बिहार के गया और औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र की राजनीति को प्रभावित करता है। 2019 में जब पीएम ने मंडल डैम का शिलान्यास किया था, तब बिहार के पलामू, चतरा, औरंगाबाद, गया में भाजपा को जीत हासिल हुई थी। प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किए जाने के बावजूद आज तक मंडल डैम पर कोई काम शुरू नहीं हुआ है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पलामू के दौरे पर थे, इस दौरान उन्होंने मंडल डैम को लेकर कुछ नहीं कहा। मंडल डैम आज भी अधूरा है। लोगों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।70 के दशक में शुरू हुआ मंडल डैम आज भी अधूरा : अविभाजित बिहार में 70 के दशक में उत्तर कोयल नहर सिंचाई परियोजना के तहत मंडल डैम का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। 1996-97 में मंडल डैम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया था। सिर्फ गेट लगना बाकी था। इसी दौरान नक्सली हमला हुआ और निर्माण कार्य रुक गया। जो अबतक शुरू नहीं हो पाया। 05 जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल डैम में अधूरे काम को पूरा करने के लिए पलामू के चियांकी एयरपोर्ट से शिलान्यास किया था।

### 30 लाख युवाओं को देंगे रोजगार : संजय कुमार

**पलामू, सूत्रकार**

लोकसभा चुनाव की गर्माहट झारखंड में भी बढ़ गई है। सभी दलों के वरिष्ठ नेताओं का दौरान शुरू हो गया है। पीएम मोदी के दो दिवसीय दौरे ने राजनीतिक तापमान और भी बढ़ा दिया है। बीजेपी के दूसरे नेताओं का भी आने का सिलसिला जारी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी झारखंड दौरे पर आ रहे है। अन्य पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मत की अपील कर रहे हैं। बात अगल लालू यादव की पार्टी राजद की करें तो झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल मात्र पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहा है। पलामू लोकसभा सीट से राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार ममता भुईयां हैं। उनके समर्थन में पार्टी के बड़े नेताओं ने ताकत लगाई है और वे लगातार कैंप कर रहे हैं। पलामू लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ग्रामीण इलाके में कैंप कर रहे हैं। इस दौरान वो राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के लिए वोट मांग रहे हैं। संजय कुमार सिंह यादव पलामू के हुसैनाबाद के इलाके में ग्रामीणों के साथ मुलाकात कर रहे थे। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के साथ ईटीवी भारत ने बातचीत की। बातचीत के दौरान संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि मोदी सरकार केंद्र की पहली सरकार है, जिसने बच्चों के कॉपी-किताब पर भी टैक्स लगया है। उन्होंने कहा कि रोजगार और सिंचाई बड़ा मुद्दा है। 30 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, साथ ही साथ तकनीकी जानकारी रखने वाले युवाओं को भी रोजगार से जोड़ा जाएगा।

### बाबूलाल मरांडी का बड़ा आरोपः सीएस को ईडी का लिखा पत्र नोटों की गड्डी में मिला

**रांची, सूत्रकार**

ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के घर से नोटों की बरामदगी के बाद भाजपा आक्रामक है. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बड़ा आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है. मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर आरोप लगाया है कि ग्रामीण विकास विभाग में फैले भ्रष्टाचार को लेकर ईडी ने जो पत्र मुख्य सचिव को लिखा था. वह पत्र जहांगीर आलम के घर से मिला है. यह गंभीर मामला है. इससे जाहिर होता है कि ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष अधिकारी भी संजीव लाल से मिले हुए हैं. मरांडी ने लिखा हैः ईडी ने राज्य के मुख्य सचिव को गोपनीय पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा था. मुख्य सचिव ने ईडी के पत्र का संज्ञान लेते हुए ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को कारवाई करने का आदेश दिया. विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की. उल्टे वही पत्र जहांगीर के यहां से बरामद हुआ. यह राज्य के भ्रष्ट मंत्रियों व अधिकारियों की निर्लज्जता को जाहिर करता है. जिस पत्र के आधार पर कार्रवाई होनी थी, उसे ही दबाकर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा. बाबूलाल ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सीबीआई जांच की अनुशंसा करने की मांग की है. ताकि पता चल सके कि ईडी की गोपनीय चिट्ठी किन-किन लोगों के पास से गुजरते हुए नोटों के बंडल के बीच पहुंच गई. कहा है कि ग्रामीण विकास सचिव ने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की और वह पत्र किसको दिया?

### ईडी का छापा, पहली बार पब्लिक डोमेन में दिखे ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज

**रांची, सूत्रकार**

झारखंड में काला धन रखने वाले लोग एक नाम से बखूबी वाकिफ हैं। वह हैं कपिल राज। ईडी के एडिशनल डायरेक्टर हैं। ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमीगर आलम के सरकारी आप्त सचिव संजीव लाल के ठिकानों पर छापेमारी और भारी मात्रा में कैश बरामदगी के बाद पहली बार ईडी के एडिशनल डायरेक्टर रांची में नजर आए। हाफ चेक शर्ट पहने कपिल राज एक छापेमारी स्थल पर पहुंचे। उनके पहुंचते ही हड़कंप मच गयी। उनको मीडिया के लोग समझ और पहचान पाते इससे पहले ही छापेमारी वाली घर में प्रवेश कर गये। यह वही अधिकारी हैं जो झारखंड ईडी के एडिशनल डायरेक्टर हैं। वह दिल्ली के ऑफिस में बैठते हैं। पहली बार मीडिया के कैमरों में नजर आए। यह तस्वीर रांची के गाड़ीखाना स्थित उस फ्लैट की है, जहां जहांगीर खान रहते हैं। जहांगीर खान अब कोई नया नाम नहीं रहा। बताया जाता है कि ये ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी आप्त सचिव संजीव लाल के चौकीदार हैं। इनके घर से करोड़ों रुपए बरामद हुए हैं। दरअसल, 6 मई 2022 को मनरेगा घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड कैडर की सीनीयर आईएएस पूजा सिंघल के ठिकानों पर ईडी ने छापेरामारी की थी। तब उनके सीए सुमन कुमार के आवास से 19 करोड़ से ज्यादा रुपए बरामद हुए थे। इस खबर के बाद राज्य के प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गयी थी। उस घटना के कुछ दिन बाद से निलंबित आईएएस पूजा सिंघल न्यायिक हिरासत में है। लेकिन इतने बडे कैश की बरामदगी के बावजूद ईडी के एडिशन डायरेक्टर कपिल राज मीडिया के सामने कभी नजर नहीं आए।

### जेपी पटेल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग, सूत्रकार**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में सोमवार को कटकमसांडी की विभिन्न पंचायतों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विनोद कुशवाहा के नेतृत्व में चले सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान ढौठवा, आराभुसाई, रेबर, डांटों, झरदाग, गुरी, कठौतिया, मनार, माड़ीगढ़ा, अमझर, बचरा, कटकमसांडी आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीण मतदाताओं से संवाद कर प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में मतदान की अपील की गई। मौके पर उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए मतदान करें। बेरोजगारी व मंहगाई को दूर करने के लिए आप जेपी पटेल के पक्ष में मतदान करें। मौके पर कांग्रेस गारंटी कार्ड का वितरण किया गया।

## वाहन से 50 लाख रुपए का ब्राउन शुगर बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**चतरा, सूत्रकार**

जिले के सिमरिया थाना पुलिस ने रातों-रात अमीर बनने का सपना देखने वाले नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। निजी कार पर एंटी क्राइम ऑर्गेनाइजेशन के प्रेसिडेंट का बोर्ड लगाकर प्रतिबंधित ब्राउन शुगर की तस्करी कर रहे तथाकथित शिक्षक और उसके दो साथियों को पकड़ा गया है, जिससे माफियाओं में हड़कंप मच गया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त हुंडई आई20 कार, करीब पचास लाख रुपये कीमत का 568 ग्राम ब्राउन शुगर और चितकबरा वर्दी भी बरामद की है।गिरफ्तार तस्करों में सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा गांव निवासी निजी स्कूल संचालक मास्टरमाइंड मोहम्मद निसार अंसारी, राजपुर थाना क्षेत्र के कान्हाचट्टी निवासी मोहम्मद रेहान और चिरिदिरी गांव निवासी पंकज डांगी शामिल हैं। ब्राउन शुगर के अलावा पुलिस ने इनके पास से तस्करी में प्रयुक्त हुंडई कार, वर्दी और विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार में सवार तस्कर सिमरिया-बगरा रोड से ब्राउन शुगर की तस्करी करने जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में सिमरिया थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के जवानों की संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिसके बाद स्पेशल टीम ने सूचना के अनुसार बगरा-सिमरिया मुख्य मार्ग की घेराबंदी कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बजराही मोड़ के पास एक हुंडई आई20 कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान सीट के नीचे से करीब 50 लाख रुपये कीमत का 568 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने कार में सवार तथाकथित शिक्षक मोहम्मद नेसार समेत तीन तस्करों को भी धर दबोचा।

## सड़क दुर्घटना : सड़क किनारे खड़े हाइवा को ट्रक ने मारी टक्कर, हादसे में चालक और व्यापारी की मौत

**पलामू, सूत्रकार**



औरंगाबाद-डाल्टनगंज एनएच-98 पर हरिहरगंज के सुलतानी स्थित ढाब चौखटवा के पास फल लदा ट्रक सड़क किनारे खड़े हाइवा से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक और व्यापारी की मौत हो गई है। वहीं खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसा सोमवार दोपहर करीब एक बजे के करीब हुआ। वहीं अस्पताल में इलाजरत ट्रक के खलासी की स्थिति गंभीर है। घटना के बाद वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया था। चिकित्सक उसकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की फल लदे ट्रक के परखच्चे उड़ गए। वहीं जानकारी मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को काफी मशक्कत से बाहर निकाला। पुलिस मृतकों की पहचान में जुट गई है। जबकि घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा दोपहर एक बजे के करीब हुआ। सूत्रों के मुताबिक फल लदे ट्रक के चालक को अचानक झपकी आ गई थी। इस कारण हादसा हुआ है। ट्रक पर अंगूर लदा था। टक्कर के बाद ट्रक का सामने का हिस्सा चकनाचूर होकर खिसक गया और ट्रक पर लदा अंगूर सड़क पर बिखर गया। सड़क पर अंगूर बिखरते ही स्थानीय लोग अंगूर लूटने में लग गए। इस संबंध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कड़ी मशक्कत से ट्रक से बाहर निकाला गया है। शवों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस शवों की शिनाख्त में जुटी है।

## रवींद्र राय ने राहुल गांधी के दौरे पर ली चुटकी, कहा भाजपा की खूंटी में जीत का रास्ता होगा साफ

**खूंटी, सूत्रकार**

झारखंड के सबसे बड़े हॉट सीट खूंटी में एक ओर जहां भाजपा के समक्ष अपने परंपरागत किले को बचाए रखने की चुनौती है, तो कांग्रेस के समक्ष साख बचाने और लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने की चुनौती है। भाजपा के बने किले को और मजबूत करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को खूंटी आने वाले हैं, जबकि हार का तमगा हटाने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी खूंटी में सभा को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस जहां उत्साहित है तो भाजपा इसे अपनी जीत का रास्ता बता रही है। भाजपा के खूंटी लोकसभा प्रभारी रवींद्र राय ने दावा किया है कि राहुल गांधी के आने से उनके लिए जीत का रास्ता साफ हो जाएगा, जबकि कांग्रेस प्रत्यासी कालीचरण मुंडा ने कहा कि रिजल्ट आने से पहले ही भाजपा बौखला गई है। भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के साथ रवींद्र राय रविवार को तोरपा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का भ्रमण कर रहे थे। रविवार को तोरपा विधायक कोचे मुंडा के आवास पर कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्धजनों से वार्ता के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान खूंटी लोकसभा प्रभारी रवींद्र राय ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड में आने वाले हैं और बहुत जगह आते हैं और वो आएंगे तो भाजपा को मदद करेंगे। राहुल गांधी की उटपटांग बातें यहां की जनता को समझ में आएगीसस जो चुनाव में उटपटांग बातें करता है, जो चुनाव में जमीनी हकीकत को नहीं बताते हैं, जो चुनाव में अपने विचारों और सिद्धांतों को नहीं रख सकते हैं, वो देश क्या चलाएंगे। वो आये और भाजपा को मदद करें भाजपा यही चाहती है। वहीं भाजपा के लोकसभा प्रभारी रवींद्र राय के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि उनको फायदा देने के लिए आ रहे हैं क्या, उनलोगों का दिमाग काम नहीं कर रहा है। खूंटी लोकसभा में भाजपाइयों का दिमाग गड़बड़ा गया है। खासकर पूरे झारखंड में दिमाग खराब चल रहा है। अब झूठ बोलने वालों का खेला नहीं चलने जा रहा है। भाजपा वाले बहुत झूठ बोल लिए।



## लोस चुनाव को लेकर पलामू पहुंचे केंद्रीय बल के जवानों का स्वागत, 40 कंपनियां होंगी तैनात

**पलामू, सूत्रकार**

लोकसभा चुनाव में तैनात होने वाले केंद्रीय बलों का पलामू पुलिस अनूठे अंदाज में स्वागत कर रही है। केंद्रीय बलों के माथे पर तिलक लगा कर स्वागत किया जा रहा है। दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआईएसएफ आदि केंद्रीय बलों की तैनाती की जा रही है। पलामू में लंबे अरसे से लोकसभा चुनाव में केंद्रीय बलों की तैनाती की जा रही है, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है चुनाव में तैनात होने वाले केंद्रीय बलों के जवानों को माथे पर तिलक लगा कर स्वागत किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में अकेले पलामू में 40 कंपनी के करीब केंद्रीय बलों की तैनाती की जानी है। जबकि पूरे लोकसभा क्षेत्र में 70 कंपनी के करीब केंद्रीय बलों को तैनात किया जाना है। पहले चरण में पलामू में सीआईएसएफ की टीम पलामू पहुंची है। सीआईएसएफ टीम को सार्जेंट मेरी खालखो और ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने स्वागत किया है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से पलामू में दो कंपनी सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। सीआईएसएफ को टीम को भी पलामू के हुसैनाबाद के इलाके में तैनात किया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि लोकसभा चुनाव में पलामू में पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों की तैनाती की जानी है। पलामू में तैनात होने वाले केंद्रीय बलों का पलामू पुलिस स्वागत कर रही है। पलामू में दो दशक से भी अधिक समय तक सीआरपीएफ ने नक्सल विरोधी अभियान की कमान संभाल रखी थी। 2023 के अंतिम महीनों में पलामू से सीआरपीएफ की बटालियन को क्लोज किया गया था। पलामू में सीआरपीएफ की 134 बटालियन तैनात थी। जिसे सारंडा के इलाके में शिफ्ट किया गया है।बताते चलें कि 2004 के बाद पहली बार सीआरपीएफ के बिना पलामू में लोकसभा चुनाव की तैयारी चल रही थी। किसी भी चुनाव ने पहले पहले पलामू में सीआरपीएफ नक्सल विरोधी अभियान की कमान संभालती थी और लोगों के बीच कॉन्फिडेंस बिल्डिंग का काम करती थी। सीआरपीएफ की टीम पूरे पलामू के इलाके में डिमाइनिंग का भी काम करती थी।



## अनोखा है विश्रामपुर का डोंगिया झरना, पहाड़ी की तलहटी से सालों भर निकलता है औषधीय गुण वाला पानी

**लातेहार, सूत्रकार**

प्रकृति ने लातेहार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को कई अनुपम उपहार दिए हैं। इन्हीं उपहारों में एक सदर प्रखंड के विश्रामपुर गांव का डोंगिया झरना भी है। डोंगिया झरना ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। पहाड़ी की तलहटी में स्थित इस झरने की खासियत यह है कि यहां से सालों भर औषधीय गुण वाला पानी निकलता रहता है। जिससे यहां के ग्रामीणों को कभी पानी की कमी नहीं होती। वहीं यहां के पानी से कई बीमारियों का इलाज भी हो जाता है। दरअसल, लातेहार सदर प्रखंड के बिश्रामपुर गांव के निकट स्थित जंगल में डोंगिया झरना स्थित है। इस झरने की खासियत यह है कि यहां सालों भर एक समान धारा में पहाड़ी की तलहटी से पानी गिरता है। पानी के निरंतर प्रवाह के कारण यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस झरने के पानी में औषधीय गुण मौजूद हैं, जिसके कारण यहां का पानी पीने से कई बीमारियों का भी इलाज हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस झरने का पानी बाजार में बिकने वाले मिनरल वाटर से भी स्वादिष्ट और मीठा है। स्थानीय ग्रामीण महिला सोबतिया देवी बताती हैं कि इस झरने के कारण ग्रामीणों को कभी भी पानी की समस्या नहीं होती। उन्होंने बताया कि झरने का पानी पीने से बुखार समेत अन्य बीमारियों का इलाज हो जाता है। इसी कारण विश्रामपुर गांव के अलावा आसपास के अन्य गांव के लोग भी यहां से पानी ले जाते हैं।

**निरंतर पानी के प्रवाह से आसपास के खेत भी रहते हैं सिंचित :** स्थानीय ग्रामीण अजय भुइयां की मानें तो इस झरने के पानी से



जहां आम लोगों को आसानी से पीने का पानी मिल जाता है, वहीं नहाने के लिए भी बेहतर सुविधा उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने बताया कि झरने का पानी सालों भर एक सामान धारा से बढ़ाने के कारण आसपास के जमीन भी सिंचित रहते हैं। उन्होंने कहा कि कई ग्रामीण इस झरने के पानी से सालों भर खेती भी कर लेते हैं। हालांकि पानी स्टोर करने की सुविधा नहीं रहने के कारण पानी नदी नालों में बह जाता है। यदि पानी स्टोर करने के लिए बड़ा तालाब या डैम बना दिया जाए तो ग्रामीणों को काफी सुविधा मिल जाएगी।

**दैवीय आशीर्वाद मानते हैं ग्रामीण :** इधर, डोंगिया झरने को स्थानीय ग्रामीण भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। ग्रामीणों की मान्यता है कि यहां ईश्वर किसी न किसी रूप में वास करते हैं। इस मान्यता के कारण गांव के लोग इस स्थान को मंदिर की तरह पवित्र मानते हैं। जिस स्थान पर झरना का पानी गिरता है ।वहां शराब पीकर जाना अथवा मांसाहार करना पूरी तरह वर्जित रखा गया है। ग्रामीणों की मान्यता है कि इस स्थान पर शुद्धता का पालन नहीं करने से देवता नाराज हो जाते हैं।

**पानी के औषधीय गुण को चिकित्सक भी करते हैं प्रमाणित :** डोंगिया झरने के पानी को ग्रामीण औषधीय गुण युक्त मानते हैं। जब ग्रामीणों की इस मान्यता के संबंध में लातेहार डीएस डॉक्टर अखिलेश्वर प्रसाद से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह संभव हो सकता है कि पानी में औषधीय गुण हो। उन्होंने कहा कि जंगल, पहाड़ों से निकलने वाले पानी कई जड़ी बूटियां से होकर गुजरते हैं। इसी कारण प्राकृतिक जल स्रोतों में औषधीय गुण होने की संभावना काफी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि यदि डोंगिया झरने के पानी की जांच कर ली जाए तो यह और भी प्रमाणिक हो जाएगा। प्रकृति ने डोंगिया झरना जैसे अनुपम उपहार लातेहार को दिए हैं ।जरूर इस बात की है कि ऐसे प्राकृतिक उपहार को संरक्षित किया जाए। जिससे पर्यटन के साथ-साथ सिंचाई की सुविधा को भी बढ़ावा मिल सके।

संपादकीय

# शहजादे बनाम शहंशाह

प्रधानमंत्री मोदी चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए शहजाद सांकेतिक शब्द का इस्तेमाल करते रहे हैं। इस श्रेणी में अब उन्होंने तेजस्वी यादव को भी बिहार का शहजादा” करार दिया है। चुनाव आयोग को इन सांकेतिक शब्दों पर आपत्ति क्यों नहीं है अथवा ये शब्द आचार संहिता का उल्लंघन किस तरह नहीं करते हैं, इसका स्पष्टीकरण तो चुनाव आयोग ही देगा। अलबत्ता देश हैरान हो सकता है कि क्या इन शब्दों पर भी जनादेश मांगा या दिया जा सकता है? शहजाद की प्रतिक्रिया में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को शहंशाह” करार दिया है। उन्होंने पलटवार की भाषा में कहा है कि वे उनके भाई को शहजादा” बुलाते हैं। उस शहजाद ने ही कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किलोमीटर की यात्रा की है। शहजाद ने भाइयों, बहनों, किसानों और मजदूरों से उनकी तकलीफें, समस्याएं पूछी हैं तथा यह भी जानने की कोशिश की है कि उन्हें कैसे हल किया जा सकता है? प्रियंका ने प्रधानमंत्री पर हमला भी किया है कि वह तो महलों में रहते हैं। उन्हें देश के आम आदमी की मुश्किलों का एहसास कैसे होगा? लोकतंत्र में शहजाद और शहंशाह” की कोई गुंजाइश नहीं है। दरअसल सवाल है कि आम चुनाव की सियासत इन सांकेतिक शब्दों पर क्यों आ गई? शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने ही की और फिर भाजपा के अन्य प्रचारक नेता भी व्यंग्य कसने लगे। मोदी को इसकी जरूरत क्यों आन पड़ी? उनके पक्ष में ऐसा 10-साला जनादेश रहा है, उसकी स्थिरता और विकास के मुद्दे आज कहां हैं?

क्या प्रधानमंत्री चुनाव को अब मोदी बनाम राहुल गांधी” बना रहे हैं? क्या सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बजाय प्रधानमंत्री मोदी चुनाव को अपने ही इर्द-गिर्द केंद्रित कर देना चाहते हैं? क्या वह कांग्रेस की जातीय जनगणना और मुस्लिम आरक्षण का मुकाबला हिंदू धर्म की राजनीति से करना चाहते हैं? क्या चुनावी एजेंडा कांग्रेस तय करेगी और भाजपा उसकी प्रतिक्रिया में अपना चुनाव प्रचार जारी रखेगी? प्रधानमंत्री 2002 के गोधरा कांड सरीखे पुराने मुद्दों को सतह पर लाकर अतीत के आधार पर नया जनादेश मांगना चाहते हैं? 2014 और 2019 के आम चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही भाजपा-एनडीए ने तत्कालीन और प्रासंगिक मुद्दों पर ही लड़े थे और शानदार जनादेश हासिल किए थे। इस बार भी जनादेश को लेकर कोई संशय नहीं है। आंकड़े कम हो सकते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से जिन मुद्दों पर चुनाव लड़ने की अपेक्षाएं थीं, वे गौण हैं या हाशिए पर सरका दिए गए हैं। फोकस शहजाद और उनकी सियासत पर है। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी भाजपा-एनडीए के लिए आज भी तुरुप का पत्ता” हैं, लेकिन ऐसे आकलन सामने आए हैं कि जब भी वह शहजाद शब्द बोलते हैं, तो वोट बढ़ जाते है। शहजादा” कहने से बात मुस्लिम बादशाहत से जुड़ती है और हिंदू-मुस्लिम मुद्दा भाजपा को ताकत और ध्रुवीकरण देता है।

बेशक प्रधानमंत्री की निजी, पारिवारिक पृष्ठभूमि गरीबी” की रही है, लेकिन बार-बार उसका राग अलापने से सहानुभूति मिलेगी, हमें तो ऐसा नहीं लगता। अब उल्लेख उनके कामों और नीतियों का होना चाहिए, जिनकी बदौलत उन्होंने देश में लाभार्थियों की एक खास जमात बना दी है। निश्चित तौर पर वे मोदी-भाजपा के समर्थक होंगे। दरअसल कांग्रेस इतनी मजबूत भी नहीं है और 300 से कुछ ज्यादा सीटों पर ही उसने उम्मीदवार खड़े किए हैं, कांग्रेस में ही पार्टी छोड़ने वालों की भगदड़ मची है, फिर भी प्रधानमंत्री मोदी को निजी, आक्रामक, सांकेतिक शब्दों की राजनीति करनी पड़ रही है, हमारी समझ के बाहर है। बीते दिनों सीएसडीएस का एक सर्वे सामने आया था, जिसमें अयोध्या के राम मंदिर को 7-8 फीसदी वोट मिले थे, जबकि 27 फीसदी से अधिक ने महंगाई और 23 फीसदी से अधिक लोगों ने बेरोजगारी को बुनियादी मुद्दा या समस्या माना था। क्या ऐसे ही कारणों से प्रधानमंत्री अपनी रणनीति बदल रहे हैं।

# भारत 2047 तक ऐसे बनेगा विकसित देश



> भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं। निस्संदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है।

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा, तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। गौरतलब है कि इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है।

बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निस्संदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्त्वपूर्ण संभावनाएं हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफेक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं।


भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं। निस्संदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है। इस समय देश के वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है।

इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ना, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर जरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभान्वित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई है। निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहां देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। लेकिन अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढ़ना होगा।

यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तबदील करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियां चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है। निश्चित रूप से देश को विकसित देश बनाने की संभावनाओं को साकार करने के लिए इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से जून 2024 में गठित होने वाली सरकार स्थिर और मजबूत होना जरूरी है। देश को एक ऐसी प्रभावी और त्वरित प्रशासनिक निर्णय लेकर उन्हें कार्यान्वित करने वाली क्षमतावान सरकार की जरूरत है, जो 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर 8.9 फीसदी सालाना विकास दर प्राप्त करने के लिए मौजूदा प्रति व्यक्ति आय को पांच गुना तक करके 12 हजार डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने, मजबूत आर्थिक सुधारों, अधिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं व राष्ट्रीय विकास के मूल्यों के साथ विकास का जज्बा पैदा करते हुए देश को रणनीतिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाए।

(चिंतन-मनन)

## परशुराम महादेव



राजस्थान वैसे तो अपने ऐतिहासिक किलों और धरोहरों के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां की भूमि कई ऐसे स्थानों की भी गवाह है, जहां देवताओं का वास होता है। ऐसी ही एक जगह है कुंभलगढ़ के पास परशुराम महादेव मंदिर। राजस्थान अरावली की सुरम्य पहाड़ियों में स्थित परशुराम महादेव गुफा मंदिर का निर्माण स्वयं परशुराम ने अपने फरसे से चट्टान को काटकर किया था। कहा जाता है कि हजारों बार इस धरती से क्षत्रियों का नाश करने वाले परशुराम के पास अद्भुत शक्ति यहीं की देन है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव के द्वारा दिए गए परशु(फरसा)के कारण ही इनका नाम परशुराम पड़ा। इस गुफा मंदिर तक जाने के लिए 500 सीढ़ियों का सफर तय करना पड़ता है। इस गुफा मंदिर के अंदर एक स्वयंभू शिवलिंग है, जहां पर विष्णु के छठे अवतार परशुराम ने भगवान शिव की कई वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। तपस्या के बल पर उन्होंने भगवान शिव से धनुष, अक्षय तूणीर एवं दिव्य फरसा प्राप्त किया था। हैरतअंगेज है कि पूरी गुफा एक ही चट्टान में बनी हुई है। ऊपर का स्वरूप गाय के थन जैसा है। प्राकृतिक स्वयंभू लिंग के ठीक ऊपर गोमुख बना है, जिससे शिवलिंग पर अविरल प्राकृतिक जलाभिषेक हो रहा है। मान्यता है कि मुख्य शिवलिंग के नीचे बनी धूनी पर कभी भगवान परशुराम ने शिव की कठोर तपस्या की थी। इसी गुफा में एक शिला पर एक राक्षस की आकृति बनी हुई है, जिसे परशुराम ने अपने फरसे से मारा था। दुर्गम पहाड़ी, घुमावदार रास्ते, प्राकृतिक शिवलिंग, कलकल करते झरने एवं प्राकृतिक सौंदर्य से ओत-प्रोत होने के कारण भक्तों ने इसे मेवाड़ के अमरनाथ का नाम दिया है।

सूक्ति

अंग्रेजी माध्यम भारतीय शिक्षा में सबसे बड़ा विघ्न है। सभ्य संसार के किसी भी जन समुदाय की शिक्षा का माध्यम विदेशी भाषा नहीं है।

- मदनमोहन मालवीय

जो कला आत्मा को आत्मदर्शन की शिक्षा नहीं देती, वह कला नहीं है।

- महात्मा गांधी

# चुनावी रण में नेतृत्व की परीक्षा

**हिमाचल में आजकल जम कर चुनाव प्रचार हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह सरकार और संगठन में सब कुछ ठीक है, का आभास देते नजर आ रहे है। यह लेख लिखे जाने के वक्त कांगड़ा और हमीरपुर लोकसभा सीट पर काफी माथापच्ची के बाद क्रमशः आनंद शर्मा और सतपाल रायजादा को लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर ही दिया है। खैर, यह लेट लतीफी का कांग्रेसी कल्चर है जो खबरों में बना रहता है। सरकार को बने 15 महीने हो गए है। जमीनी हालात यह है कि जनता यह सब सोचने को मजबूर है कि विधान सभा के लिए क्या उपचुनाव राजनीतिक सूझबूझ से टाले नहीं जा सकते थे।**

हिमाचल में आजकल जम कर चुनाव प्रचार हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह सरकार और संगठन में सब कुछ ठीक है, का आभास देते नजर आ रहे है। यह लेख लिखे जाने के वक्त कांगड़ा और हमीरपुर लोकसभा सीट पर काफी माथापच्ची के बाद क्रमशः आनंद शर्मा और सतपाल रायजादा को लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर ही दिया है। खैर, यह लेट लतीफी का कांग्रेसी कल्चर है जो खबरों में बना रहता है। सरकार को बने 15 महीने हो गए है। जमीनी हालात यह है कि जनता यह सब सोचने को मजबूर है कि विधान सभा के लिए क्या उपचुनाव राजनीतिक सूझबूझ से टाले नहीं जा सकते थे। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को उपचुनाव के मुद्दे पर जनता को उत्तर देना होगा। सरकार का मुखिया होने के नाते सुखविंदर सिंह सुक्खू और उनकी टीम को अपने 15 महीने के शासन के रिकॉर्ड पर जनता के बीच उतरना होगा अपनी सरकार को बचाने व संभाले रखने के लिए यह उपचुनाव जीतना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा के विषय में तो यह प्रसिद्ध है कि वह चुनावी मूड में रहने वाली पार्टी है और प्रधानमंत्री मोदी को हर समय चुनावों में सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाले प्रधानमंत्री का तमगा प्राप्त है। प्रधानमंत्री के तौर पर वह कैसे हैं यह लेख का मंतव्य नहीं। उस पर फिर कभी। मुख्यमंत्री सुक्खू के सामने सबसे बड़ी चुनौती और प्राथमिकता विधान सभा उपचुनावों की छहों सीटों पर विजयी हासिल करना होगा। लोकसभा के चुनावों में चारों सीटें जीता कर हाई कमान की झोली में डाल कर वह उनके विश्वास को पुख्ता कर सकेंगे।

उन के लिए यह एक अवसर आया है। इस जीत से वह हाई कमान के सामने और प्रदेश कांग्रेस संगठन में विरोधी होली लॉज कैंप के समक्ष नेतृत्व क्षमता साबित करेंगे। जनता का विश्वास और दिल जीतने में सफल हो सकते है। दूसरे, यह जीत इस बात की भी द्योतक होगी कि हाई कमान का सुक्खु को मुख्यमंत्री बनाना और प्रतिभा सिंह की सीएम पद की दावेदारी को नजर अंदाज करने का उनका निर्णय सही था। ऐसे वो कौन से कारण रहे जिनके चलते भली चंगी सरकार पर संकट के बादल मंडराए और उपचुनावों की नौबत झेलनी पड़ गई? याद करें तो एक राजनीतिक घटनाक्रम के चलते प्रदेश की एक मात्र राज्य सभा सीट के लिए चुनाव में भजपा के हाथों मानों छींका ही फूट पड़ा। अल्पमत की भाजपा बहुमत की कांग्रेस की जमीन तले कालीन खिसका कर राज्य सभा सीट का निवाला छीन ले गई। परिणाम यह रहा कि प्रख्यात वकील और कांग्रेस के प्रत्याशी मनु सिंघवी हार गए और कांग्रेस के पूर्व मंत्री रहे और भाजपा के प्रत्याशी हर्ष महाजन जीत गए। इस प्रकरण से सरकार विशेष कर मुख्यमंत्री के विरुद्ध सुलगते विरोध और आक्रोश से न केवल जनता अवाक रह गई, बल्कि सरकार सुक्खू और उनके चुनावी व संसदीय प्रबंधन को भी इस बात की भनक तक न लगी कि उनके छह विधायक और तीन निर्दलीय वोटिंग के अवसर पर अपनी ही पार्टी के विरुद्ध जाएंगे।

इस प्रकरण ने प्रदेश के मुख्यमंत्री




सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्य शैली और सरकार चलाने की क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए। प्रदेश की जनता यह भलीभांति जानती है कि सुक्खू को संगठन का आदमी कहा जाता है और संगठन के वह अच्छे जानकार है। जब तक वीरभद्र मुख्यमंत्री रहे उन्होंने उन्हें दो बार विधायक होने के बावजूद मंत्री या संसदीय सचिव या सरकार में किसी पद से नहीं नवाजा। 1983 में जब वीरभद्र मुख्यमंत्री बने, तब सुक्खू कालेज सी आर के चुनाव लड़ रहे थे। कालेज विश्वविद्यालय की राजनीति करते-करते विभिन्न पदों पर रहते हुए कांग्रेस के अध्यक्ष पद तक जा पहुंचे। पंडित सुखराम, विद्यास्टोक्स, आनंद शर्मा, कुलदीप राठौर और शिमला के पूर्व विधायक हरभजन सिंह भज्जी आदि से सुक्खू की करीबियां जग जाहिर थी। यही बात वीरभद्र को नागवार थीं। अंत समय तक इन दोनों में 36 का आंकड़ा रहा। कहते है संस्कृति की सत्ता होती है और सत्ता की संस्कृति भी जग जाहिर है। सत्ता की संस्कृति आपको चाटुकारों से घिरा हुआ, अपनों को पुरस्कार, चेयरमैन अध्यक्ष पद से नवाजती है। लेकिन सत्ता की श्रेष्ठता इस बात में है कि वह पार्टी के सक्रिय सदस्यों कार्यकताओं शुभचिंतकों को सत्ता शासन में भागीदार बनाती है और सरकार की नीतियों कार्यक्रमों को बनाने में सहयोग लेती है। अब क्योंकि बारी सुक्खू की आई तो सत्ता का संतुलन बनाने की जगह उन्होंने उन लोगों को पद नवाजे, जो जनता का मत लेकर नहीं आए थे और वीरभद्र गुट की अघोषित अनदेखी कर दी। कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर आदि महत्त्वपूर्ण जिलों को मंत्री परिषद में जगह नहीं मिली। प्रदेश के कई वर्ग, जातियां, समूह शासन की हिस्सेदारी से वंचित कर दिए गए। कांगड़ा से सुधीर शर्मा, हमीरपुर से राजेंद्र राणा इस बगावत के सरगना हुए और यह सब भाजपा के खुले समर्थन से हुआ।

जयराम ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार को मित्रों की सरकार कह कर संबोधित करते है। यह दीगर है कि वह भी पदों की रेवड़ियां बांटने में मशगूल रहे। उनका स्वयं का काल विसंगतियों और विरोधाभास का रहा। आजकल विपक्ष में उनकी सक्रियता को देख कर भाजपा के लोग भी यह स्वीकार करते है कि इतनी सक्रियता के साथ उन्होंने भाजपा की सरकर चलाई होती, तो 2022 में कांग्रेस सरकार न बनती। और अब बात करते हैं सुक्खू शासन के व्यवस्था परिवर्तन की बड़ी भूल की, वह है नौकरशाही पर ढीली पकड़। आपने निर्णय लिया कि सरकार बनते ही आप सरकारी बाबूओं को नहीं बदलेंगे। लेकिन वह समय चला गया जब नौकरशाह निर्भीक हो कर राय देते थे। आज समय है कमिटिड ब्योक्रेसी अर्थात समर्पित नौकरशाहों का। आलम यह है कि नौकरशाह भी अब तटस्थ न हो कर भाजपा-कांग्रेस के हो कर रह गए है।

धर्म-कर्म

## अक्षय फल देता है अक्षय तृतीया का व्रत

अक्षय तृतीया वैशाख शुक्ल तृतीया को कहा जाता है। वैदिक कैलेंडर के चार सर्वाधिक शुभ दिनों में से यह एक मानी गई है। अक्षय से तात्पर्य है जिसका कभी क्षय न हो अर्थात जो कभी नष्ट नहीं होता। भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के वृंदावन में ठाकुर जी के चरण दर्शन इसी दिन होते हैं। अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु ने परशुराम अवतार लिया था। अतः इस दिन व्रत करने और उत्सव मनाने की प्रथा है।

### क्षमा-प्रार्थना का दिन

मान्यताओं के अनुसार यह दिन सौभाग्य और सफलता का सूचक है। इस दिन को सर्वसिद्धि मुहूर्त दिन भी कहते हैं क्योंकि इस दिन शुभ काम के लिए पंचांग देखने की जरूरत नहीं होती। ऐसा माना जाता है कि आज के दिन मनुष्य अपने या स्वजनों द्वारा किए गए जाने-अनजाने अपराधों की सच्चे मन से ईश्वर से क्षमा प्रार्थना करे तो भगवान उसके अपराधों को क्षमा कर देते हैं और उसे सद्गुण प्रदान करते हैं। अतः आज के दिन अपने दुर्गुणों को भगवान के चरणों में सदा के लिए अर्पित कर उनसे सद्गुणों का वरदान मांगना चाहिए।

### धार्मिक महत्त्व

पुराणों में उल्लेख मिलता है कि इसी दिन से त्रेता युग का आरंभ हुआ था। नर नारायण ने भी इसी दिन अवतार लिया था। भगवान परशुराम जी का अवतरण भी इसी तिथि को हुआ। प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनारायण के कपाट भी इसी तिथि से ही पुनः खुलते हैं। वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी जी के मंदिर में भी केवल इसी दिन श्री विग्रह के चरण दर्शन होते हैं, अन्यथा वे पूरे वर्ष वस्त्रों से ढके रहते हैं। अक्षय तृतीया को व्रत रखने और अधिकाधिक दान देने का बड़ा ही महात्म्य है। अक्षय तृतीया में सतयुग, किंतु कल्पभेद से त्रेतायुग की शुरूआत होने से इसे युगादि तिथि भी कहा जाता है। वैशाख मास में भगवान भास्कर की तेज धूप तथा लहलहाती गर्मी से प्रत्येक जीवधारी क्षुधा पिपासा से व्याकुल हो उठता है। इसलिए इस तिथि में शीतल जल, कलश, चावल, चना, दूध, दही आदि खाद्य व पेय पदार्थों सहित वस्त्राभूषणों का दान अक्षय व अमिट पुण्यकारी माना गया है। सुख-शांति की कामना से व सौभाग्य तथा समृद्धि हेतु इस दिन शिव-पार्वती और नर नारायण की पूजा का विधान है। इस दिन श्रद्धा विश्वास के साथ व्रत रखकर जो प्राणी गंगा-जमुनादि तीर्थों में स्नान कर अपनी शक्तिनुसार देव स्थल व घर में ब्राह्मणों द्वारा यज्ञ, होम, देव-पितृ तर्पण, जप, दानादि शुभ कर्म करते हैं, उन्हें उन्नत व अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

### व्रत पद्धति

इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें। अपने नित्य कर्म व घर की साफ-सफाई से निवृत्त होकर स्नान करें। वैसे इस दिन समुद्र, गंगा या यमुना में स्नान करना चाहिए। इस दिन उपवास रखें और घर में ही किसी पवित्र स्थान पर विष्णु भगवान की मूर्ति या चित्र स्थापित कर पूजन का संकल्प करें। संकल्प के बाद भगवान विष्णु को पंचामृत से स्नान कराएं, तत्पश्चात उन्हें सुगंधित चंदन, पुष्पमाला अर्पण करें।

# जीजा को साली से हुआ प्यार, शादी रुकवाने के लिए ससुर को मारी गोली, तीन गिरफ्तार

**लखीसराय, एजेंसी**

लखीसराय एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक जीजा ने अपनी साली की शादी तुड़वाने के लिए साली के होने वाले ससुर को गोली मारकर जख्मी कर दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए रविवार को तकनीकी जांच के बाद आरोपी जीजा के साथ ही घटना को अंजाम देने वाले उसके दो सहयोगियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है।

**सोते समय पीठ में मारी गोली :** इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार ने सोमवार को बताया यह घटना 20-21 अप्रैल की मध्य रात्रि 12:30 बजे की है। जब हलसी थाना क्षेत्र के बिल्ली गांव निवासी स्व। बासो यादव के पुत्र राजो यादव को सोते समय अपराधियों ने जान मारने की नियत से पीठ में गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

मामले को लेकर घायल राजो यादव के दामाद सह तेतरहाट थाना क्षेत्र के गुलनी निवासी अयोधी यादव के पुत्र पप्पू कुमार ने हलसी थाना में आवेदन देकर चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें जमुई जिला के बरहट थाना क्षेत्र के डाढा गांव निवासी परमेश्वर यादव एवं उसके दो पुत्र दिनेश यादव एवं मनीष यादव सहित खैरा थाना क्षेत्र के खैरा गांव निवासी वकील यादव को नामजद किया गया था।

**अपराधियों ने लिखा था धमकी भरा पर्चा :** पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए उपाधीक्षक आकाश किशोर के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। मामले में जांच के दौरान टीम को अभियुक्तों द्वारा बिल्ली एवं रिषिडीह में एक धमकी भरा पर्चा



सटा हुआ बरामद हुआ। पर्चे में लिखा हुआ था कि शादी करने पर बुरा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे।

पर्चे और अन्य सुरागों के आधार पर छापेमारी दल ने नवादा जिला के कौआकोल थाना क्षेत्र के ओखरिया गांव निवासी उमेश यादव के पुत्र राणा रणवीर कुमार, धमौल थाना क्षेत्र के बड़ी गुलनी निवासी गनौरी यादव के पुत्र केदार यादव, अटारी गांव निवासी विनोद महतो के पुत्र मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ में हुए कई खुलासे :** पूछताछ के दौरान इन तीनों ने पुलिस के सामने कई खुलासे किये। खुलासा हुआ कि घायल राजो यादव की होने वाली बहू कांता कुमारी का अपने जीजा राणा रणवीर कुमार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। वो नहीं चाहता था कि उसकी साली की शादी हो। इसलिए उसने अपनी साली की शादी तुड़वाने के लिए दो सहयोगियों के साथ मिलकर राजो यादव को गोली मारकर घायल कर दिया था।

**क्या बोले एसपी :** एसपी ने बताया कि पूरी घटना को उद्भेदन तकनीकी अनुसंधान से हुआ है। एसपी ने बताया कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन मोबाइल एवं धमकी भरा पर्चा भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास का पता किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छापेमारी टीम के अन्य सदस्यों में पुलिस निरीक्षक सह हलसी थानाध्यक्ष विजय कुमार, हलसी थाना के एसआई राजेश रंजन यादव, अमृता कुमारी, सचेंद्र कुमार सिंह, डीआईयू शाखा के एसआई चितरंजन कुमार, कुमार गौरव, पीएसआई अनामिका कुमारी, सोनी कुमारी, सिपाही विभूति कुमार, पंकज कुमार सिंह शामिल थे।

## न्यूज फ्लैश

### बैलगाड़ी से नामांकन करने पहुंचा रिटायर्ड फौजी

**बेतिया, एजेंसी**

वाल्मीकी नगर लोकसभा सीट के लिए सोमवार को एक उम्मीदवार बैलगाड़ी पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचा। यहां पर बैलगाड़ी से रिटायर फौजी नामांकन दाखिल किया। लोकसभा प्रत्याशी रिटायर्ड फौजी रमेश प्रसाद अपने समर्थकों के साथ बैलगाड़ी पर बैठकर कलेक्ट्रेट परिसर की तरफ जब निकले तो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। नामांकन में उनके साथ दर्जनों की संख्या में रिटायर्ड फौजी शामिल रहे। जिन्होंने जय जवान जय किसान के नारे लगाए।

रिटायर्ड फौजी ने किया नामांकनः पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट पर छठे चरण में मतदान होना है। बेतिया में भारतीय जवान किसान पार्टी से रिटायर्ड फौजी रमेश प्रसाद ने वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया है। यह नामांकन अनोखा रहा क्योंकि लोकसभा प्रत्याशी रिटायर्ड फौजी रमेश प्रसाद बैलगाड़ी से नामांकन करने पहुंचे थे।

नौ प्रत्याशियों ने किया नामांकनः बता दें कि 25 मई को छठे चरण में वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर चुनाव होने वाला है। अभी तक 9 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। जिसमें जदयू की तरफ से सुनील कुश-वाहा, राजद की तरफ से दीपक यादव तो वहीं कांग्रेस से बागी हुए निर्दलीय वरिष्ठ पत्रकार प्रवेश मिश्रा चुनाव मैदान में है। जो पिछले उपचुनाव में वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार थे और मात्र 22 हजार वोट से वह चुनाव हारे थे। वाल्मीकि नगर लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले बढ़ गया है।

### मुंगेर में आग ने मचाया तांडव, 40 से अधिक घर जलकर हुए राख

**मुंगेर, एजेंसी**

बिहार के मुंगेर जिले में अगलगी की बड़ी घटना हुई है। सोमवार की सुबह आग ने यहां जमकर तांडव मचाया। अगलगी की घटना में 40 से अधिक घर जल गये। भारी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया, हालांकि तबतक लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गई थी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करारी टोला तौफिर गांव की है। इस अगलगी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

देखते देखते फैल गयी आग

जानकारी के अनुसार, राख के ढेर से एक चिंगारी निकल कर सुबोध यादव के घर में पहुंच गई और जब तक लोगों ने उसे बुझाने का प्रयास किया, तब तक आग ने एक के बाद एक 40 से अधिक घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से सुबोध यादव, रविन यादव सहित 40 से अधिक लोगों के घर जलकर राख हो गए। घर में रखे अनाज और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। पूरे गांव में इस घटना को लेकर घंटों अफरा-तफरी मची रही।

बताया जाता है कि एक हजार से अधिक बोरा अनाज इस अगलगी की भेंट चढ़ गया है। इन घरों में एक भी समान नहीं बचा। अगलगी में लगभग 50 लाख से अधिक के संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि गनीमत की बात रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई। अग्नि पीड़ितों ने सरकार और जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम क्षति का आकलन कर रही है।

### नीतीश ने की अनंत सिंह की तारीफ

**मुंगेर, एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंगेर लोकसभा के पंडारक में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान मंच पर नीतीश कुमार के साथ ललन सिंह, नीलम देवी, संजय झा, ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू मौजूद थे। इस दौरान नीतीश कुमार ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी की ओर इशारा करते हुए अनंत सिंह की तारीफ की। नीतीश कुमार ने कहा कि इनको मालूम है कि इनके पति से हमारा संबंध पुराना है। बीच में थोड़ा बहुत इधर-उधर हुआ। लेकिन वह फिर दोबारा आ गए। उनके पिताजी से हमारे पिताजी का पुराना रिश्ता था। हम लोग 95 से साथ हैं। दो बार बीच में इधर-उधर कर दिए। वहीं राजद की ओर इशारा करते हुए नीतीश ने कहा कि वह सब माल कमाने के चक्कर में गड़बड़ कर रहा था। हम लोग जो पहले एनडीए के साथ थे अब पूरे तौर पर इनके साथ रहेंगे।

### बिहार के किशनगंज में महिला ने एक साथ 5 बच्चियों को दिया जन्म

**किशनगंज, एजेंसी**

बिहार के किशनगंज जिले में कुदरत का अद्भुत देखने को मिला है, जिसे जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। दरअसल, आमतौर एक महिला एक या दो बच्चों को एक साथ जन्म देती है, लेकिन यहां एक महिला ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म दिया है। एक के बाद एक बच्चों को को जन्म लेता देख डॉक्टर और नर्स भी हैरान हो गए। वहीं एक साथ पांच बच्चों के जन्म की खबर पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई।

जानकारी के अनुसार, मामला जिले के पोठिया प्रखंड के रजा नर्सिंग होम का है। जहां बीती रात महिला ने एक साथ पांच बच्चियों को जन्म दिया। इस महिला का नाम है ताहिरा आलम है। बताया जा रहा है कि महिला पहले से ही एक बच्चे की मां है और पहला बच्चा उनका बेटा था। इस तरह वह अब छह बच्चों की मां बन गई। बच्चियों के जन्म के बाद परिजनों में खुशी का माहौल है। ठाकुरगंज निवासी महिला ने बताया कि जब मैं 2 माह की गर्भवती थी तब मुझे पता चला कि मेरे पेट में चार बच्चे हैं। उसके बाद मैं डॉक्टर के पास चेकअप करवाने गई तो मुझे पता चला कि मेरे पेट में पांच बच्चा है। इसके बाद मैं डरने लगी और डॉक्टर के द्वारा मुझे आश्वासन दिया गया कि डरने की बात नहीं है।

बच्चों के पिता ने कहा कि ये उनके लिए खुशी की बात है, ये उपर वाले का तोहफा है। बेटियां तो घर की रौनक होती हैं। इनके जन्म से हमारे घर में भी सभी लोग बहुत खुश हैं। वहीं नर्सिंग होम के महिला डॉक्टर ने बताया कि हमने जब पेशेंट को बताया कि उसके पेट में पांच बच्चे हैं। पेशेंट घबराने लगी लेकिन हमने समझाया घबराने की बात नहीं है। हमने आगे तक इसका ट्रीटमेंट किया। नॉर्मल डिलीवरी से ही महिला को 5 लड़कियां हुई हैं। पांचों बच्चियां और उनकी मां पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं।

### कौन खत्म होगा और कौन नहीं, यह बिहार की जनता तय करेगी : संजय

**पटना, एजेंसी**

राज्यसभा सदस्य संजय झा ने राजद नेता तेजस्वी यादव के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि एनडीए का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। संजय झा ने कहा कि बिहार की जनता तय करेगी कि कौन खत्म होगा और कौन बचेगा। उन्होंने कहा कि हम लोग एक सप्ताह से तीसरे फेज में ही थे। तीसरे फेज में हम लोग 2019 से ज्यादा वोटो से जीतेंगे।

संजय झा ने कहा कि नीतीश जी बिहार के लोगों के दिल में बसते हैं। लोगों का जीवन बदले हैं बिहार की विकास और अस्मिता को बढ़ाने का काम हुआ। नीतीश जी हमेशा लोगों के दिल में रहेंगे। तेजस्वी के द्वारा प्रधानमंत्री को बुजुर्ग बताने पर संजय झा ने कहा कि देखा नहीं रहे हैं कि प्रधानमंत्री एक दिन में कितनी मीटिंग करते हैं उनका एनर्जी लेवल कितना है। रोड शो करते हैं जो बोल रहे हैं वह बीच में ही लड़खड़ा जा रहे हैं। तेज प्रताप के द्वारा यह कहने पर कि नरेंद्र मोदी के कारण ही लोग शहीद हो रहे हैं, इस पर संजय झा ने कहा कि जम्मू कश्मीर की स्थिति और घटना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी कई घटनाएं होती हैं लेकिन जो भी घटना हुई है उस पर एक्शन हुआ है और वहां एक डिफरेंट माहौल शुरू से रहा है।

वहीं झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस (निजी सचिव) संजीव कुमार लाल के नौकर के घर छापेमारी के दौरान 25 करोड़ से ज्यादा रुपए बरामद हुए हैं। इस पर राजसभा सदस्य संजय झा ने कहा कि झारखंड में पहले भी ऐसी घटना सामने आई थी। जो विपक्ष के लोग का काम हैं इस स्केल पर पैसे कमाना और उसको उपयोग करना। लेकिन देश की जनता के नजर में सब है और इस चुनाव में जनता सारा हिसाब लेगी।

## मुंगेर में कूड़े के ढेर से मिला हैंड ग्रेनेड, मचा हड़कंप, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ वासुदेवपुर

**मुंगेर, एजेंसी**

हथियारों के शहर के नाम से मशहूर मुंगेर में कूड़े के ढेर हैंड ग्रेनेड मिला है। इसके बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा इलाके को सील कर दिया गया और बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया। एसपी ने कहा कि बम निरोधक दस्ता के जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि वह बम है या कुछ और?



मुंगेर में हैंड ग्रेनेड बरामद : जानकारी के अनुसार, वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के सत्यभामा कॉलेज के पास आज कुछ लोगों ने कूड़े के ढेर पर एक हैंड ग्रेनेड जैसा वस्तु को देखा। इसके बाद वहां हलचल मच गई। इलाके में यह बात आग की तरह फैल गई। पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस बात की सूचना वासुदेवपुर थाना को दी गयी।

इलाके को सील कर हो रही जांच : मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा तुरंत इलाके को सील करते हुए इस बात की जानकारी मुंगेर एसपी को दी गई। वहीं एसपी ने इस मामले में बम निरोधक दस्ता को बुलाकर जांच करवाने का निर्देश। सुरक्षा के दृष्टिकोण से मामले को गंभीरता से लिया गया है।

13 मई को लोकसभा चुनाव : बता दें कि पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा चाक चौबंद हैं। मुंगेर में चौथे तरण के तहत 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसी बीच बैंड ग्रेनेड मिलने से हड़कंप है। वैसे जिस जगह हैंड ग्रेनेड मिला है, वहां से महज 100 मीटर की दूरी पर मतदान केन्द्र है। 13 मई को मतदान केंद्र संख्या 76 प्राथमिक विद्यालय रायसर में वोट डाले जाएंगे।

रांची में ईडी की छापेमारी पर सम्राट चौधरी का बयान

## लालू यादव का परिवार हो या शिबू सोरेन का, सभी लुटेरे हैं

**पटना, एजेंसी**

झारखंड में ईडी ने कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के पास से करोड़ों रुपये जब्त किया है। ईडी की इस कार्रवाई से बिहार की सियासत भी गरमाई हुई है। इसको लेकर बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि झारखंड में शिबू सोरेन का परिवार और बिहार में लालू परिवार लुटेरा है और जब ऐसे लोगों पर कोई कार्रवाई होती है तो उनके पेट में दर्द होता है।

'भ्रष्टाचारियों पर जांच एजेंसी की कार्रवाई': सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता देख रही है कि किस तरह से इन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है। झारखंड में जिस तरह से करोड़ों रुपए जब्त किए गए हैं, इससे उनकी पोल खुल गई है और अब यह लोग कुछ से कुछ बोल रहे हैं। जांच एजेंसी स्वतंत्र है और वह ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है, जो भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं। उनके पास मोटी रकम भी मिल रही है।

जनता सबको देगी जवाब-सम्राट चौधरीः उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता देख रही है कि कैसे भ्रष्टाचारियों को



बचाने के लिए सभी एकजुट होकर केंद्र सरकार का विरोध कर रहे हैं। भ्रष्टाचार से उन्होंने जो धन कमा रखा है उसको बचाना चाहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 'केंद्र में जो सरकार है वह कभी भी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं कर सकती है। जो कार्रवाई ईडी, सीबीआई कर रही है, उससे विपक्ष के कई नेताओं की पोल खुल रही है। जनता इन्हें जवाब देने का काम करेगी।

## अररिया में मतदान की तैयारी पूरी, भारत-नेपाल सीमा सील



**अररिया, एजेंसी**

अररिया में मंगलवार को मतदान होना है। मतदाता मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आसमान में उमड़े बादल के कारण मौसम में थोड़ी नमी आयी है। इससे जिला प्रशासन को इस बात का भरोसा है कि पिछले चुनाव से मतदान का प्रतिशत कम नहीं होगा। हालांकि लोकसभा चुनाव के दो चरणों में जिस प्रकार से मतदान प्रतिशत कम हुआ है, उससे तीसरे चरण के प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन भी तेज हो गयी है। ऐसे में एक प्रतिशत भी कम मतदान प्रतिशत किसके लिये नुकसानदायक होगा कहना मुश्किल है। बहरहाल 07 मई को तीसरे चरण के लिए जिले के तीन मुख्य दलों समेत छह निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम व बहुजन समाज पार्टी के गौसूल आजम के अलावा मो इस्माइल, जावेद अख्तर, अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो मोबिनुल हक, शत्रुघ्न प्रसाद सुमन शामिल हैं।

एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह रविवार को अपने कार्यकताओं के साथ जोकीहाट विधानसभा क्षेत्र में अपना समय व्यतीत किये। वह वहां एनडीए द्वारा निकाले गये रोड शो का भी हिस्सा बने। उन्होंने कहा कि जनता को हमेशा भगवान माना है। हमेशा उनके बीच रहा, राजनीति को सेवा मान कर आया व अररिया वासियों की सेवा करता रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं के अलावा जिले में विकास का जो भी काम हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। पुल-पुलिया, ट्रेन, चमचमाती सड़-कें, इंजीनियरिंग कॉलेज बन गये हैं। इस बार अब तटबंध का निर्माण करना, कृषि आधारित उद्योग स्थापित करना, मेडिकल कॉलेज शुरू करना सहित रानीगंज में चिड़ियाघर का निर्माण के साथ उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अररिया को आगे लाना मेरा लक्ष्य है। जीत गये तो पीएम नरेंद्र मोदी को हाथों को मजबूजी मिलेगी। बस जनता का आशीर्वाद सात मई को चाहिये।

राजद प्रत्याशी शाहनवाज आलम रविवार को पूरे दिन चुनावी सभा में व्यस्त रहे। वह सुबह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी आदि के साथ दिन का पहला प्रहर भरगामा के महथावा में, तो दूसरा प्रहर भी नेता प्रतिपक्ष की चुनावी सभा के साथ जोकीहाट के उदाहाट में बिताये। उन्होंने कहा कि वे अपने पिता जनाब तस्लीमउद्दीन के अधूरे ख्वाबों को पूरा करने के लिए राजनीति में आये हैं। वह चाहते हैं कि जिले में बाढ़ से मुक्ति की दिशा में वे पिता के अधूरे कार्यों को पूरा करें। सभी वर्गों का विकास मेरी प्राथमिकता होगी। अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास होगा। साथ ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मेडिकाल कॉलेज ही नहीं, जिले के किसानों की फसल का उचित मूल्य व मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए भी कृषि आधारित उद्योग की स्थापना करनी होगी। बस अब जनता का आशीर्वाद चाहता हूं।

जोगबनी संवाददाता के अनुसार सात मई को तीसरे चरण में होनेवाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 48 घंटे पूर्व संध्या 06 बजे भारत-नेपाल सीमा को कस्टम के अधिकारियों ने जोगबनी थानाध्यक्ष राजीव कुमार आजाद व जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी की उपस्थिति में सील कर दिया। सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है। भारतीय पक्ष द्वारा सीमा सील किये जाने के बाद नेपाल ने भी अपनी सीमा को सील कर दिया। सीमा सील होने के बाद दर्जनों गाड़ियां, जो नेपाल सैर-सपाटे अथवा किसी कार्य से गयी थीं फंसी रह गयीं। इस संबंध में जोगबनी एसएसबी कैंप प्रभारी आनंद सिंह भंडारी ने कहा कि सीमा सील होने के बाद लोगों की आवाजाही पर पूर्णतः रोक लगा दी गयी है। जो लोग सीमा सील होने के बाद नेपाल में या भारत में फंस गये हैं, सिर्फ उन्हें ही पहचान पत्र दिखाने के बाद आने-जाने दिया जायेगा। जो भी लोग नेपाल से भारत यात्रा करने जानेवाले हैं, उन्हें यात्रा टिकट दिखाने के बाद ही भारतीय क्षेत्र में प्रवेश दिया जाएगा। अब सीमा को 48 घंटे बाद मंगलवार को चुनाव समाप्त होने के बाद संध्या 06 बजे ही खोला जायेगा।

## जब से केंद्र में एनडीए की सरकार आई, तब से शहीदों की संख्या में हुई बढ़ोतरीः तेजप्रताप



**पटना, सूत्रकार**

बिहार के पूर्व मंत्री और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बड़े सुपुत्र तेज प्रताप यादव ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में अपनी बहन और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन उम्मी-दवार मीसा भारती के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब से केंद्र में एनडीए की सरकार आई है, तब से शहीद होने वाले सैनिकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

तेजप्रताप यादव ने कहा कि पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र समेत बिहार की जनता महागठबंधन की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में मीसा भारती की जीत तय है। बहरूपिया लोग सुधर जाए क्योंकि मीसा भारती का भाई तेज प्रताप यादव अपनी बहन को जीताने के लिए आ गया है और जो नहीं सुधरेगा उनको सुधार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल है और केंद्र में इंडिया गठबंधन की स-रकार बनेगी।

वहीं राजद नेता ने आरोप लगाया कि एनडीए गठबंधन का नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी लोगों के बीच धार्मिक उन्माद फैलाने और लड़वाने का काम करती है। उन्होंने कड़े शब्दों में आरोप लगाते हुए कहा कि जब से केंद्र में एनडीए की सरकार आई है तब से शहीद होने वाले सैनिकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में एक तरफ जहां एनडीए उम्मीदवार रामकृपाल यादव का लगातार विरोध हो रहा है और क्षेत्र की जनता को सांसद में उनके किए कार्यों का हिसाब मांग रही है वही मीसा भारती को आशा भरी नजरों से भी देख रही है।

महाराजगंज से आकाश सिंह ने भरा पर्चा

## आज नामांकन किया, 4 जून को सर्टिफिकेट लेंगे : अखिलेश सिंह

**सारण, एजेंसी**

बिहार के महाराजगंज लोकसभा सीट पर छठा चरण में 25 मई वोटिंग है। इसको लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू है। सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह ने अपना नामांकन कराया। आकाश सिंह कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के पुत्र हैं। नामांकन के बाद पिता अखिलेश सिंह ने कहा कि आज नामांकन कराया है। 4 जून को सांसद का सर्टिफिकेट लेगा। उन्होंने दावा किया कि बिहार के साथ साथ देश में भी बदलाव होने वाला है।

कौन बाहरी नहीं है? बीजेपी वाले आकाश सिंह को बाहरी बताते हैं इस-को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि मोदी और अमित शाह भी बाहरी हैं। लालकृष्ण आडवाणी भी बाहरी हैं। पाकिस्तान से आकर भारत में बस गए। प्रधानमंत्री मोदी भी बाहरी हैं जो गुजरात से आकर बनारस से चुनाव लड़ते हैं।



'महाराजगंज में कोई विकास नहीं हुआ': आकाश कुमार सिंह ने सारण निवार्ची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिलाधिकारी कार्यालय से नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद बाहर निकलते हुए उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाराजगंज के सांसद ने कोई काम नहीं किया है। बाहरी होने के सवाल पर आकाश सिंह ने कहा कि सांसद जनार्दन सिग्रीवाल के गोद लिए गांव बरगेजा का हाल-चाल क्या है आप लोग से छुपा नहीं है। जबकि उस गांव का नाम बरेजा है।

'सड़क बनाने का काम करेंगे': आकाश सिंह ने कहा कि महाराजगंज में सड़कों की स्थिति काफी जर्जर है। पिछले 10 साल से सड़क नहीं बनी है। इसके साथ ही गैस सिलेंडर जो काफी महंगा हो गया है उसको कम से कम ₹500 करने और अग्निवीर योजनाओं को बंद करने बंद करने का काम होगा। महिलाओं और बेरोजगारों को नौकरी देने और बेरोजगारी भत्ता देने की बात भी कही।

25 मई को वोटिंगः बता दें कि महाराजगंज लोकसभा सीट पर एनडीए और इंडिया गठबंधन में मुकाबला है। एनडीए से भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी आकाश सिंह चुनाव लड़ रहे हैं।

न्यूज फ्लैश

## सुप्रीम कोर्ट ने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को दी जमानत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने दिवंगत गैंगस्टर-नेता मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान दर्ज एक आपराधिक मामले में सोमवार को जमानत दे दी। यह मामला आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन का है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने उमर से मामले के सिलसिले में निचली अदालत में पेश होने को कहा। शीर्ष अदालत ने 25 जनवरी को उमर को मामले में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिछले साल 19 दिसंबर को उमर अंसारी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इस संबंध में चार मार्च, 2022 को मऊ जिले के कोतवाली थाने में अब्बास अंसारी (मऊ सदर सीट से एसबीएसपी प्रत्याशी), उमर अंसारी और 150 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में आरोप था कि तीन मार्च, 2022 को पहाड़पुरा मैदान में एक जनसभा में अब्बास अंसारी, उमर अंसारी और मंसूर अहमद अंसारी ने मऊ प्रशासन से ह्यहिसाब बराबर करने काह्न आह्वान किया था। प्राथमिकी के अनुसार, यह आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला है। जेल में बंद कुख्यात अपराधी और नेता मुख्तार अंसारी का गत 28 मार्च को प्रदेश के बांदा स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

## शाह बानो की तरह राम मंदिर के फैसले को पलट देगी कांग्रेस : प्रमोद कृष्णम

**लखनऊ, एजेंसी**



राम मंदिर फैसले को लेकर पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया है। आचार्य प्रमोद ने राम मंदिर का फैसला पलटने के लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस फिर सत्ता में आती है तो वो राम मंदिर पर फैसला पलट देगी। आचार्य प्रमोद कृष्णम के इस दावे के बाद एक बार फिर सियासत गरमा गई है। प्रमोद कृष्णम ने कहा, ह्यजब राम मंदिर का फैसला आया तो राहुल गांधी ने अपने करीबियों के साथ बैठक की थी और कहा था कांग्रेस सरकार बनने के बाद वह एक सुपर पावर कमेटी का गठन करेंगे। राम मंदिर के फैसले को वैसे ही पलट देंगे जैसे राजीव गांधी ने शाह बानों के फैसले को पलट दिया था।

## पुंछ आतंकी हमला : सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों के स्केच जारी किए

**जम्मू, एजेंसी**

सुरक्षाबलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में 4 मई को भारतीय वायुसेना के वाहन पर हमले के लिए जिम्मेदार दो आतंकवादियों के स्केच जारी किए। 4 मई को पुंछ के सुरनकोट के बकराबल (सनाई) इलाके में आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के दो वाहनों पर हमला किया था। जिसमें एक जवान शहीद हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने पूछताछ के लिए अब तक करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है। पुंछ के अलग अलग इलाकों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान जारी है। जीओसी 16 कोर और एडीजीपी जम्मू सहित सेना तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने रविवार को हमले वाली जगह का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया था। ऐसा माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकवादियों के एक समूह ने शनिवार को भारतीय वायुसेना के काफिले पर हमला किया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों के बारे में जानकारी देने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा और पहचान गुप्त रखी जाएगी। अधिकारियों ने चार मोबाइल नंबर क्रमशः 9541051982, 8082294375, 9541051982 और 8082294375 जारी किए हैं, जिन पर लोग संपर्क कर जानकारी साझा कर सकते हैं।

## भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका के हित सुरक्षित, भारतीय-अमेरिकी कम्यूनिटी लीडर

**सांता क्लारा (कैलिफोर्निया), एजेंसी**

भारतीय अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है। भारत की मजबूती से एशिया में अमेरिका के हित सुरक्षित, भारतीय-अमेरिकी कम्यूनिटी लीडर ने कैलिफोर्निया में दिया बयान भारतीय अमेरिकी कम्युनिटी के नेता योगी चुघ ने कहा कि एशिया में अमेरिका के हित मजबूत भारत की वजह से सुरक्षित हैं। इस क्षेत्र में बढ़ते चीनी प्रभाव को रोकने के लिए भारत एक महत्वपूर्ण शक्ति बनकर उभरा है। कैलिफोर्निया के कारोबारी चुघ एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के उत्कर्ष को लेकर बड़ा उत्साह है।

## मेडिकल कॉलेज के 5 छात्र कन्याकुमारी तट के पास समुद्र में डूबे

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में कन्याकुमारी तट के पास सोमवार को दो महिलाओं सहित पांच मेडिकल कॉलेज के छात्र समुद्र में डूब गए। इन छात्रों का मेडिकल का फाइनल ईयर था और कुछ ही सप्ताह में इन्हें डिग्री मिलने वाली थी। ये सभी एक बंद पड़े प्राइवेट बीच पर तैराकी कर रहे थे। कन्याकुमारी जिले के पुलिस अधीक्षक ई सुंदरवथनम ने एनडीटीवी को बताया कि छात्रों का समूह नारियल के पेड़ों के माध्यम से बंद लेमुर बीच तक पहुंच गया था। समुद्र के अशांत होने के कारण इसे बंद कर दिया गया था। हम मामले की जांच कर रहे हैं। यहां आकर ये सभी छोटे-छोटे समूहों में विभाजित हो गए और लगभग सभी शहर घूमने निकल गए। मगर यह विशेष समूह प्राइवेट बीच पर पहुंच गया था। डूबे हुए छात्रों की पहचान तंजावुर के चारुकावी, नेवेली के गायथिरी, कन्याकुमारी के सर्वदर्शित, डिंडीगुल के प्रवीण सैम और आंध्र प्रदेश के वेंकटेश के रूप में की गई है। इनके साथ आईं तीन अन्य महिला मेडिकल इंटर्न्स करूर से नेशी, थेनी से प्रीति प्रियंका और मदुरै से सरन्या को बचा लिया गया है और उनका इलाज असारीपल्लम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जा रहा है। रविवार को, चेन्नई के तीन अन्य लोग उस समय डूब गए जब वे दूसरे समुद्र तट पर डुबकी लगा रहे थे।

## लोगों से भरी पिकअप ने गाड़ी को मारी टक्कर, 3 बच्चों समेत 8 की मौत

**बेमेतरा (छत्तीसगढ़), एजेंसी**



छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ, जिसमें तीन बच्चों समेतआठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 21 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में भी चार की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें रायपुर के एम्स रेफर कर दिया गया है। बाकी घायलों का इलाज बेमेतरा और सिमगा के सीएचसी में चल रहा है। हादसा इतना भीषण था कि कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। आशंका है कि मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। मामला बेमेतरा थाना इलाके के के गांव कठिया पेट्रोल पंप के पास का है। जानकारी मिली है कि लोगों से भरी एक पिकअप ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी टाटा 407 को टक्कर मार दी, जिसका शिकार करीब 26 लोग हुए।

### राहुल गांधी का बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप, कहा

# संविधान को खत्म कर पीएम मोदी सिर्फ अपना राज चलाना चाहते हैं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज हाथ में संविधान की प्रति लेकर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान को परे कर सिर्फ अपना राज चलाना चाहते हैं और कांग्रेस-इंडिया गठबंधन संविधान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांधी मध्यप्रदेश के अलीराजपुर जिले के जोबट में रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उपस्थित थे।

**भाजपा और आरएसएस संविधान खत्म करना चाहते हैं :** अपने संबोधन की शुरुआत से ही गांधी ने संविधान की प्रति हाथ में ले रखी थी। उसी को दिखाते हुए उन्होंने कहा कि ये संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसे खत्म कर देना चाहते हैं और कांग्रेस पार्टी -इंडिया गठबंधन इसे बचाने की कोशिश कर रहा है। आदिवासियों, दलितों को जो जल, जंगल और जमीन का अधिकार मिला है, इसी संविधान ने दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि इसे परे कर दें और बस उनका पूरी तरह राज हो। उन्होंने इस आदिवासीबहुल क्षेत्र में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकार छीनना उनका लक्ष्य है और हम उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा के लोग आरक्षण और संविधान दोनों छीनना चाहते हैं।



**जंगल का अधिकार सबसे पहले आदिवासियों को मिले :** उन्होंने कहा कि जंगल का अधिकार सबसे पहले आदिवासियों को मिलना चाहिए। कांग्रेस ने आदिवासियों को विभिन्न अधिकार दिए। भाजपा सरकार आते ही उसे रिवर्स कर देती है। गांधी ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग अस्पताल, कॉलेज जैसा कोई संस्थान चलाते नहीं दिखते। आदिवासी दलितों और पिछड़ों की देश में कोई भागीदारी नहीं, कांग्रेस इस व्यवस्था को बदलना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सब जगह आपके लोगों को लाना चाहती है, इसलिए जाति जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल योजनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों की महिलाओं के खाते में एक लाख रुपया साल का दिया जाएगा, ये तब तक होगा, जब तक परिवार बीपीएल से बाहर नहीं आ जाता। किसानों का कर्ज माफ होगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश के सीधी कांड का संदर्भ देते हुए भाजपा पर आदिवासियों का अपमान करने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार भूरिया के खिलाफ जो चुनाव लड़ रहे हैं, उनके रिश्तेदार ने एक आदिवासी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। भाजपा ने यहां से राज्य सरकार के मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनिता नागर सिंह चौहान को चुनावी मैदान में उतारा है। इस संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है।

## राहुल रायबरेली और अखिलेश कन्नौज सीट से चुनाव हारेंगे: केशव प्रसाद मौर्य



**बलरामपुर, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को रायबरेली और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव को कन्नौज सीट से शिकस्त का सामना करना पड़ेगा। मौर्य ने बलरामपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी साकेत मिश्र के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव जिस तरह कन्नौज से चुनाव हारी थीं ठीक उसी तरह इस बार कन्नौज से सपा प्रमुख चुनाव हारने जा रहे हैं। मौर्य ने दावा किया कि चार जून को भाजपा 400 सीट पार करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने जनता से आह्वान किया कि अगर इस बार हर बूथ पर भाजपा को पिछली बार से ज्यादा मत मिले तो विपक्ष के प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो जायेगी। उन्होंने विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्ल के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि सारे भ्रष्टाचारी दलदल में फसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि ह्यसंविधान खतरे में है, यह बात कह कर विपक्ष लोगों को गुमराह कर रहा है। मौर्य ने जनता से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र को जिताने की अपील की।

## तीसरे चरण की वोटिंग से ठीक पहले सपा में बदलाव पार्टी ने श्याम लाल पाल को सौंपी प्रदेश की कमान

**लखनऊ, एजेंसी**

लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया है। पार्टी ने नरेश उत्तम पटेल की जगह श्याम लाल पाल को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। नरेश उत्तम पटेल फतेहपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। सपा के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति में अखिलेश यादव ने पीडीए फामूर्ले का ध्यान रखा है। श्याम लाल पाल पहले प्रदेश कार्यकारिणी में थे। पिछले साल ही पार्टी ने उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि श्याम लाल पाल को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश का नया अध्यक्ष बनाया है। नरेश उत्तम पटेल इस बार फतेहपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीति के जानकारों की मानें तो श्याम लाल पाल को यूपी का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अखिलेश यादव ने ओबीसी वोटर्स को साधने का प्रयास किया है।

## पाकिस्तान ने भी नहीं पहनी है चूड़ियां : फारूक अब्दुल्ला

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले महीने एक बयान दिया था और कहा था कि पीओके का भारत में विलय होगा। उन्होंने कहा था कि भारत में हो रहे जोरदार विकास को देखते हुए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग खुद भारत के साथ रहने की मांग करेंगे। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास परमाणु बम भी हैं जो हम पर गिरेंगे। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि अगर रक्षा मंत्री कह रहे हैं तो आगे बढ़ें। हम रोकने वाले कौन होते हैं? लेकिन वह याद रखें, उन्होंने भी चूड़ियां नहीं पहनी हैं। उनके पास परमाणु बम हैं और दुर्भाग्य से वह परमाणु बम हम पर गिरेगा।

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में एक रैली को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि चिंता मत करें। पीओके हमारा था, है और हमारा रहेगा। दार्जिलिंग में भाजपा ने मौजूदा सांसद राजू बिस्ता को उम्मीदवार बनाया है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि भारत की ताकत बढ़ रही है। दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है और हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अब पीओके में हमारे भाई-बहन खुद भारत के साथ आने की मांग करेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का हिस्सा है और भारतीय संसद का एक प्रस्ताव है जिसमें कहा गया है कि पीओके देश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि लोगों के मन से पीओके के बारे में भुला दिया था। हालांकि, यह अब भारत के लोगों की चेतना में वापस आ गया है। ओडिशा के कटक में एक इंटरैक्टिव सत्र के दौरान पीओके के लिए भारत की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने जवाब दिया, पीओके कभी भी इस देश से बाहर नहीं रहा है। यह इस देश का हिस्सा है। भारतीय संसद का एक प्रस्ताव है कि पीओके वास्तव में इसका हिस्सा है। अब पीओके पर अन्य लोगों का नियंत्रण कैसे हो गया? आप जानते हैं, जब आपके पास कोई ऐसा व्यक्ति होता है जो घर का जिम्मेदार संरक्षक नहीं होता है तो कोई बाहरी कैसे चोरी करता है।

## इंडिया गठबंधन के नेता पाक की भाषा बोल रहे हैं : भाजपा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा दिए गए कुछ बयानों का उल्लेख करते हुए उन्हें राष्ट्र हित के खिलाफ बताया और विपक्ष पर पाकिस्तान की बोली बोलने का आरोप लगाते हुए लोगों को उनसे सावधान रहने को कहा। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के उन आरोपों का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने तत्कालीन आतंकवाद निरोधक दस्ते के प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या की थी। त्रिवेदी ने इस क्रम में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उस दावे का भी हवाला दिया जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में सैन्य कर्मियों पर हमले को चुनावी स्टंट बताया था। उन्होंने पांच अन्य उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें पाकिस्तानी नेता चौधरी फवाद हुसैन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना और राहुल गांधी की प्रशंसा करना तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला द्वारा पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार होने के दावे का उल्लेख शामिल है। त्रिवेदी ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता अब्दुल्ला ने जो कहा वह बहुत ही चौंकाने वाला खुलासा है क्योंकि अभी तक केवल कुछ पाकिस्तानी नेताओं ने इस तरह की टिप्पणी की है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से संबंधित एक सवाल का जवाब देते हुए, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि ह्यह्यपाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास परमाणु हथियार हैं। भाजपा नेता ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां महिलाओं का भी अपमान हैं। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता शशि थरूर ने एक बांग्लादेशी अखबार में स्तंभ लिखकर मोदी की आलोचना की है और मौजूदा लोकसभा चुनावों का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि जब भारत में चुनाव हो रहे हैं तो वह दूसरे देश में जनता की राय बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का एक नेता मुंबई आतंकवादी हमले पर पाकिस्तान को 'कवर फायर' दे रहा है, दूसरा उसके परमाणु हथियार के बारे में बोल रहा है, जबकि तीसरा सैनिकों की शहादत को 'चुनावी स्टंट' बता रहा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं द्वारा बोली गई हर बात पाकिस्तान के रुख को प्रतिध्वनित करती है। त्रिवेदी ने कहा कि ये सभी घटनाक्रम महज एक संयोग नहीं हैं बल्कि जानबूझकर किये गये और खतरनाक प्रयोग हैं। उन्होंने लोगों से देश के भीतर छिपे 'गद्दारों' से सावधान रहने की अपील करते हुए सवाल किया, ये नेता किसके हाथों में खेल रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि बाहर विभिन्न तरह की ताकतें गर्वित और आत्मविश्वास से भरे भारत के उदय को रोकने की कोशिश कर रही हैं। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा नेता ने झारखंड के मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम के निजी सचिव से कथित तौर पर जुड़े एक घरेलू सहायक के घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने को लेकर विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा कि गांधी आर्थिक सर्वेक्षण करने और देश की संपत्ति को विभाजित करने की बात करते हैं और प्रवर्तन निदेशालय के छापे ने दिखाया है कि झारखंड में किस तरह संपत्ति का बंटवारा किया जा रहा है। त्रिवेदी ने कहा कि 20 करोड़ से 30 करोड़ रुपये के बीच की इतनी बड़ी राशि एक मंत्री के निजी सहायक से जुड़े परिसर से बरामद हो रही है। उन्होंने कहा कि इतनी राशि देखने के बाद, समझने के लिए कुछ भी नहीं बचा है।

## कांग्रेस कार्यालय के बाहर तोड़फोड़ पार्टी ने बीजेपी पर लगाया आरोप

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि अमेठी के गौरीगंज इलाके में पार्टी कार्यालय के बाहर खड़े लगभग एक दर्जन वाहनों को कुछ उपद्रवियों ने कथित तौर पर क्षतिग्रस्त कर दिया। गौरतलब है कि यह मामला कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के यहां पहुंचने से पहले सामना आया है, जो आज शाम से रायबरेली और अमेठी में चुनाव अभियान का जिम्मा संभालने वाली हैं। दरअसल, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी में लोकसभा चुनाव अभियान का नेतृत्व करेंगी और दो हाई-प्रोफाइल सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सोमवार से उत्तर प्रदेश के इन संसदीय क्षेत्रों में डेरा डालेंगी। इससे पहले सोमवार को कांग्रेस ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए बड़ा दावा किया। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने सत्तारूढ़ भाजपा पर रविवार रात हुई घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया और दावा किया कि कारों के अंदर बैठे कुछ लोगों को चोटें आई हैं। उन्होंने कहा कि एक कार में छह लोग आए और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कुछ लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सिंह ने कहा, इसकी चुनाव आयोग से शिकायत की जाएगी। यह भाजपा की हताशा का परिणाम है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने आरोप लगाया कि यह घटना राज्य पुलिस की उदासीनता का नतीजा है। इस बीच, गौरीगंज के पुलिस उपाधीक्षक मयंक द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि कई दिनों के सस्पेंस को खत्म करते हुए, कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि राहुल गांधी रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, जो पिछले दो दशकों से उनकी मां सोनिया गांधी का निर्वाचन क्षेत्र रहा है। वहीं, गांधी परिवार के करीबी सहयोगी किशोरी लाल शर्मा को अमेठी से मैदान पर उतारा गया है। प्रियंका गांधी ने पहले ही प्रचार अभियान की कमान संभाल ली है और सोमवार से चुनाव खत्म होने तक वह रायबरेली और अमेठी में डेरा डाले रहेंगी। सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि वह अपने भाई राहुल गांधी और शर्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए आक्रामक तरीके से प्रचार करेंगी। राहुल गांधी के पूरे भारत में प्रचार करने के साथ, प्रियंका गांधी ने दो पारिवारिक गढ़ों में अभियान की कमान संभालने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली है।

### कांग्रेस ने मोदी सरकार पर उठाए ये सवाल

## क्या चीनी कब्जे के सामने किया आत्मसमर्पण

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने सोमवार को चीनी अतिक्रमण को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या सरकार ने डेपसांग और डेमचोक में हजारों वर्ग किलोमीटर जमीन पर ह्यह्यचीनी कब्जे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है और क्या यह अब भी पांच मई, 2020 से पहले की स्थिति में लौटने का प्रयास कर रही है। पूर्वी लद्दाख के पैंगोंग सो में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के चार साल पूरे होने के मौके पर कांग्रेस ने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी चीन नीति की घोर विफलता की जिम्मेदारी कब लेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पिछले कई दशकों में भारत की सबसे बड़ी रणनीतिक और खुफिया चूक के लिए क्या किसी को जवाबदेह ठहराया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया, क्या आप अब भी 19 जून, 2020 के अपने बयान - ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है को सही मानते हैं जो गल्वान में हमारे 20 सैनिकों के शहीद होने के बाद आपने दिया था। रमेश ने कहा, क्या आपकी सरकार ने डेपसांग और डेमचोक में हजारों वर्ग किलोमीटर पर चीनी कब्जे के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है या आप अब भी 5 मई, 2020 से पहले की स्थिति में लौटने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे 20 सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के महज चार दिन बाद प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए चीन को क्लीन चिट दे दी थी कि ह्यना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, न ही कोई घुसा हुआ है। प्रधानमंत्री का ऐसा कहना न केवल हमारे शहीद जवानों का घोर अपमान था बल्कि पूर्वी लद्दाख में हमारी 2,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जमीन पर चीन के कब्जे को वैध ठहराने वाला भी था। रमेश ने दावा किया कि चार साल में सैन्य वार्ता के 21 दौर के बावजूद हालात प्रतिकूल बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि लेह के पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट जाहिर किया है कि हमारे सैनिक 65 गश्ती बिंदुओं में से 26 पर नहीं पहुंच पा रहे जहां वे पांच मई, 2020 से पहले पहुंचने में सक्षम थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यचीन की आक्रामकता और घुसपैठ केवल लद्दाख तक ही सीमित नहीं है। अरुणाचल प्रदेश के पास चीनी सेना बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है जो भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के लिए सीधा खतरा पैदा करने वाला है। यह कॉरिडोर पूर्वोत्तर भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।



न्यूज फ्लैश

## जडेजा सीएसके के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी बने

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



आईपीएल-24 का 53वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं मैच में रविंद्र जडेजा ने बल्ले और गेंद से कमाल का प्रदर्शन किया। जडेजा ने बल्लेबाजी के दौरान 43 रन की पारी खेली। वहीं गेंदबाजी के दौरान जडेजा ने तीन बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। जडेजा को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच (पीओटीएम) अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने यह पुरस्कार जीतकर इतिहास रच डाला और एमएस धोनी का धांसू रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। दरअसल, जडेजा सीएसके के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 16वीं बार यह कारनामा करके दिखाया है। जडेजा ने एमएस धोनी को पछाड़ कर चेन्नई के तरफ से सबसे अधिक बार पीओटीएम जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने चेन्नई के तरफ से खेलते हुए 16 बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया है। इस सूची में एमएस धोनी दूसरे स्थान पर काबिज है। उन्होंने चेन्नई के तरफ से खेलते हुए 15 बार इस अवॉर्ड को अपने नाम किया है। वहीं सुरेश रैना इस सूची में तीसरे सठन पर 12 अवॉर्ड के साथ काबिज हैं। ऋतुराज गायकवाड़ (11) और माइकल हसी (10) अवॉर्ड के साथ चौथे और पांचवें स्थान पर काबिज है।

## टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया की जर्सी हुई लॉन्च



**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप अगले महीने होने वाला है। आईपीएल के ठीक बाद टी-20 के इस सबसे बड़े टूनार्मेंट की शुरूआत होगी। ये टूनार्मेंट वेस्ट इंडीज और अमेरिका मिलके करवा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने पहले ही 15 खिलाड़ियों की टीम चुन ली है, जिसमें कुछ चौंकाने वाले नाम भी हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम में लगातार बल्लेबाज के कमाल कर रहे रिंकू सिंह को जगह नहीं मिली है तो गिल और बिश्नोई भी बाहर हैं। एडिडास ने आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारत की जर्सी लॉन्च कर दी है। नई जर्सी में वी-शेप की गर्दन पर तिरंगे रंगों की धारियां और बाजू पर भगवा रंग पर एडिडास की तीन धारियां दिख रही हैं। सामने और पीछे का हिस्सा ब्लू कलर का है। इसके साथ ही साइड में भी एक भगवा धारी बनी है। जर्सी लॉन्च होने से पहले ही इसकी फोटो सोशल मीडिया पर लीक हो गई थी। अब एडिडास ने जर्सी भी जारी कर दी है।

## टी-20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा पाकिस्तान से मिली धमकी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत जल्द ही होने वाली है। लेकिन इससे पहले एक चिंताजनक खबर आई है। इस मेगा इवेंट की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज करेंगे। वेस्टइंडीज को विश्व कप से पहले आतंकवादी हमले की धमकी मिली है। विश्व कप से पहले बेशक इस खबर ने इस टूर्नमेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों को हैरानी में डाल दिया है। हालांकि, क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ ने कहा है कि हम इसकी लगातार निगरानी करेंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव्स ने क्रिकबजॉन संडे को बताया, ह्लहम मेजबान देशों और शहरों में अधिकारियों के साथ मिलकर काम करते हैं और हमारे आयोजन के लिए पहचाने गए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए हम लगातार निगरानी और मूल्यांकन करेंगे।

## रुपये में तेजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आज डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरा है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा पर रुपया 83.43 पर खुली, फिर इंट्रा-डे में 83.42 के उच्चतम स्तर और ग्रीनबैक के मुकाबले 83.50 के निचले स्तर को छू गई। अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.50 (अनंतिम) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले 5 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

## विमान रहित गो फर्स्ट की स्थिति खराब

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

गो फर्स्ट की परेशानी पिछले साल मई में सिर्फ तीन दिन के लिए उड़ान निलंबन से शुरू हुई थी, और उसके बाद उसने स्वैच्छिक रूप से दिवाला समाधान विकल्प को अपनाने का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिया गया। अब एक साल बीतने के बाद भी विमान रहित गो फर्स्ट का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है। जून में समाधान प्रक्रिया के लिए विस्तारित समयसीमा समाप्त हो रही है, हालांकि पुनरुद्धार की उम्मीद बहुत कम हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एयरलाइन को परिसमापन की प्रक्रिया में भी लाया जा सकता है। एयरलाइन के पूर्व प्रमुख कौशिक खोना ने बताया, ह्यह्ययह देखना बेहद दुखद है कि एक साल बाद भी एयरलाइन परिचालन शुरू नहीं कर पाई है। गो फर्स्ट ने तीन मई, 2023 के बाद से उड़ान नहीं भरी है।

## 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है। आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दशार्ते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। बयान में कहा गया कि स्त्र१ङ्क५२ङ्कल्लं' प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है।

# हार्दिक पंड्या सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर : वसीम अकरम

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज वसीम अकरम ने उस खिलाड़ी के नाम का ऐलान किया है जिसे वो इस समय दुनिया का सबसे बेस्ट ऑलराउंडर मानते हैं। स्पोर्ट्सक्रीड़ा के साथ बात करते हुए अकरम ने इस बारे में बात की है। अकरम ने माना है कि सुनील नरेन इस समय दुनिया के बेस्ट ऑलराउंडर हैं। दरअसल, आईपीएल में नरेन लगातार रन बना रहे हैं, गेंदबाजी के अलावा नरेन बल्लेबाजी से भी तहलका मचाने में सफल रहे हैं। ऐसे में जब उनसे इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या नरेन को आप बेस्ट ऑलराउंडर मानते हैं, इसपर पूर्व पाकिस्तानी दिग्गज ने रिएक्ट किया। वसीम ने कहा कि जिस तरह से वो परफॉर्म कर रहे हैं, बल्ले और गेंद से जिस अंदाज में वो परफॉर्मेंस दे रहे हैं। यकीनन हम कह सकते हैं कि दुनिया का बेस्ट ऑलराउंडर है। वो इस समय बल्ले से ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी शामिल है। दनिया के सबसे बड़े लीग में धमाका कर रहा है। उसको कुछ न कुछ तो मैनेजमेंट ने कॉन्फिडेंस दिया होगा। गौतम ने कोच ने, सबने मिलकर उनके कॉन्फिडेंस दिया होगा। अकरम ने अपनी बात आगे ले जाते हुए कहा कि जहां तक गेंदबाज की बात है तो हमें तो पता है कि वह कितना बेहतर गेंदबाज है। काफी शांत स्वभाव का इंसान है।किसी से वह बात नहीं करते हैं। अकरम ने आगे कहा कि जब मैं केकेआर के साथ न, मैं तो जल्दी उठने वाला इंसान हूं, मैं जल्दी उठकर ब्रेकफास्ट खाता था। तो मैंने देखा कि नारायण भी वहां नास्ता कर रहे थे। उसकी आंखें पूरी तरह से सूजी हुई थी। तब मैंने उससे पूछा कि तुम्हारी आंखें ऐसी क्यों है। तब उसने मुझसे कहा कि, मैं रात भर नहीं सोया हूं। मैं वेस्टइंडीज टाइम के साथ हूं, मैं पूरी रात जागता हूं और दिन में सोता हूं। मुझे लगता है कि वो अभी भी भी ऐसा करता था। इनकी परफॉर्मेंस इसलिए बेहतर है, क्योंकि रात में इनके लिए दिन होता है और दिन इनके लिए रात। रात में ये लोग बिल्कुल जागे हुए होते हैं।

## झारखंड से पांच खिलाड़ी आइपीएल चार को मिला मौका

**रांची, सूत्रकार**

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल-2024) में इस बार झारखंड के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अब तक उल्लेखनीय नहीं रहा है। झारखंड से पांच खिलाड़ी आइपीएल में खेल रहे हैं। इसमें एक खिलाड़ी को छोड़ सभी चार खिलाड़ियों को मौका मिल चुका है। इसमें इशान किशन को छोड़ किसी भी खिलाड़ी ने एक भी अर्द्धशतक नहीं बनाया है। इशान किशन ही एक मात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने एक मैच में 67 रन बनाये थे। इस वर्ष आइपीएल में तीन नये खिलाड़ियों को भी टीमों ने चुना था। इसमें दो खिलाड़ी को मौका मिला है। एक खिलाड़ी मैच शुरू होने से पहले घायल हो गये थे। इस कारण वह अभी टीम से दूर हैं। पहली आइपीएल खेल रहे कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने तीन मैच खेलने का मौका दिया है। तीन मैच में कुमार कुशाग्र ने एक रन बनाया है। बोकारो के रहनेवाले बैटर-विकेटकीपर कुमार कुशाग्र को दिल्ली कैपिटल ने 7।20 करोड़ रुपये में खरीदा है। इसी साल गुजरात टाइटंस के लिए चुने गये सुशांत मिश्रा को अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है। सुशांत मिश्रा को गुजरात टाइटंस ने 2।20 करोड़ रुपये में खरीदा है। इसी साल गुजरात टाइटंस के लिए चुने गये रॉबिन मिंज घायल होने के कारण टीम का हिस्सा नहीं बन सके हैं। 21 साल के रॉबिन को गुजरात ने 3।30 करोड़ रुपये में खरीदा है। 20।9 से आइपीएल का हिस्सा बने अनुकूल राय को अब तक केकेआर ने तीन मैचों में उतारा है। अनुकूल ने अब तक एक भी विकेट नहीं लिया है। उसे पांच ओवर से कुछ अधिक बॉलिंग करने का मौका मिला है। उन्हें एक मैच में बैटिंग का भी मौका मिला है। अनुकूल ने नॉट आउट तीन रन बनाये हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे महेंद्र सिंह धौनी इस वर्ष आइपीएल में चेन्नई सुपर किंग की कप्तानी नहीं कर रहे हैं। धौनी 2024 में अब तक 11 मैच खेल चुके हैं। इसमें 110 रन बनाये हैं। 2008 से आइपीएल खेल रहे धौनी अब तक 261 आइपीएल मैच खेल चुके हैं। इस वर्ष सात बार नॉट आउट रहे हैं। उनका औसत 110 से ऊपर है।

## गोल्डन डक के शिकार हुए धोनी फिर भी बना दिया नायाब रिकॉर्ड


**नयी दिल्ली, एजेंसी**



आईपीएल-24 का 53वां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं मैच में चेन्नई के तरफ से पहली बार एमएस धोनी नंबर-9 पर बल्लेबाजी के लिए आए। इस मुकाबले में एमएस धोनी का जादू नहीं चला। वह आए और पहली ही गेंद पर अपना विकेट दे बैठे। धर्मशाला में धोनी के शून्य पर आउट होने के बाद फैंस का दिल टूट गया, लेकिन इसके बावजूद माही ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। धोनी आईपीएल में 150 कैच लेने वाले पहले विकेटकीपर बन गए हैं। बल्ले से कमाल नहीं कर पाने के बाद एमएस धोनी ने विकेट के पीछे से अपना कमाल दिखाना शुरू किया। एमएस धोनी को हमने विकेट्स के पीछे से कैच लपकते हुए हमेशा देखा जाता हैं। माही की फुर्ती देख हर कोई दंग रह जाता हैं, जब वह बिना किसी देरी के बल्लेबाजों को स्टंप आउट करने में नहीं चुकते और विकेट्स के पीछे शानदार कैच लपकने में भी माही का जवाब नहीं। इस बीच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धोनी ने सिमरनजीत सिंह की गेंद पर पंजाब किंग्स के जितेश शर्मा का कैच लपक कर एक उपलब्धि हासिल की। धोनी आईपीएल में 150 कैच लेने वाले पहले विकेटकीपर बन गए हैं। एमएस धोनी आईपीएल में विकेट के पीछे से सबसे अधिक कैच लपकने वाले विकेटकीपर बन गए हैं। धोनी ने यह मुकाम अपने 261वें मैच में हासिल किया। इस सूची में दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक का नाम शामिल हैं, जिन्होंने आईपीएल में बतौर विकेटकीपर 144 कैच लपके हैं। तीसरे नंबर पर एबी डिविलियर्स 119 कैच के साथ मौजूद हैं।

## गूगल ने डूडल से दी भारत की पहली पहलवान हमीदा बानो को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



वर्ष 1954 में 4 मई को हमीदा बानो ने मशहूर पहलवान बाबा पहलवान को सिर्फ एक मिनट 34 सेकेंड में हरा दिया था। इस हार के बाद जहां बाबा पहलवान ने पेशेवर कुश्ती से संन्यास लेना उचित समझा, वहीं बानू का करियर अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों तक फैल गया और उनकी जीत की चर्चा दुनिया भर में हुई। वर्ष 1900 के दशक की शुरुआत में उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के पास पहलवानों के एक परिवार में जन्मी बानो ने अपने पूरे करियर में कुल 300 से अधिक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की। पहलवानी में उनका करियर 1940 और 1950 के दशक में रहा। बानो ने कुश्ती के क्षेत्र में उस दौर में बड़ा नाम कमाया, जब एथलेटिक्स में महिलाओं को भाग लेने से हतोत्साहित किया जाता था। गूगल ने एक पोस्ट में लिखा कि बानो ने पुरुषों के साथ प्रतिस्पर्धा की और सभी पुरुष पहलवानों को एक खुली चुनौती दी थी कि जो भी उसे हराएगा, वह उससे शादी करेगी। अंतरराष्ट्रीय मैचों में बानो की सफलता से उन्हें और भी प्रशंसा मिली। इनमें से एक मुकाबला रूसी महिला पहलवान वेरा चिस्टिलिन के खिलाफ था, जिसे उन्होंने दो मिनट के भीतर हरा दिया था। वर्षों तक अखबारों की सुर्खियां बटोरने वाली बानो को अलीगढ़ की अमेजन कहा जाने लगा। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, उनका वजन 108 किलोग्राम था और उनकी लंबाई 5 फुट 3 इंच थी। उनके दैनिक आहार में 5।6 लीटर दूध, 2।8 लीटर सूप, 1।8 लीटर फलों का रस, एक मुर्गा, लगभग 1 किलोग्राम मटन और बादाम, आधा किलोग्राम मक्खन, 6 अंडे, दो बड़ी रोटियां और दो प्लेट बिरयानी शामिल थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वह नौ घंटे सोती थीं और छह घंटे प्रशिक्षण लेती थीं। अपने समय की पथप्रदर्शक बानो ने न केवल साथी पहलवानों से, बल्कि अपने समय के मानदंडों से भी मुकाबला किया। गूगल ने एक नोट में लिखा है, हमीदा बानो अपने समय की अग्रणी महिला थीं और उनकी निडरता को पूरे भारत और दुनिया भर में याद किया जाता है।

भारतीय पुरुषों और महिलाओं ने रचा इतिहास

## 4 गुण 400 मीटर रिले रेस में पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए बनाई जगह




**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पुरुषों की 4 गुणा 400 और महिलाओं की 4 गुणा 400 टीमों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए भारतीय टीमों ने विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। तीन भारतीय रिले टीमें पहले दौर में क्वालीफाई करने में असफल रहीं। लेकिन अब दूसरे राउंड में दो भारतीय रिले टीमों ने पेरिस का टिकट पक्का कर लिया है। भारतीय महिला रिले टीम की सदस्य रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन ने 3.29.35 मिनट में लक्ष्य हासिल कर दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया। वहीं जमैका की महिला टीम 3.28.54 मिनट के साथ पहले स्थान पर रही। भारतीय पुरुष रिले टीम के सदस्य मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब ने 3.3.23 मिनट में दूसरे स्थान पर रही और पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। इस श्रेणी में वरअ पुरुष रिले टीम ने 2.59.95 सेकंड में पहला स्थान हासिल किया और पेरिस ओलंपिक बर्थ सुरक्षित की। हर एक रेस हीट में शीर्ष दो टीमें ओलंपिक में रिले स्पर्धा में भाग लेने के लिए स्थान प्राप्त करेंगी। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा।

## बीमार होने पर भी आरसीबी के लिए खेले सिराज



**बेंगलुरू , एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू यानी आरसीबी के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने खुलासा किया है कि वे गुजरात टाइटन्स के खिलाफ बीमार होने के बावजूद खेले। सिराज ने बताया है कि उनकी हालत सही नहीं थी और ऐसा लग रहा था कि वे फिट नहीं हो पाएंगे, लेकिन वे मुकाबला खेलने उतरे। मोहम्मद सिराज ने जीटी के खिलाफ आईपीएल 2024 के लीग मैच में दमदार गेंदबाजी की और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड हासिल किया। सिराज इस सीजन अपनी फॉर्म के कारण बाहर भी बैठे, लेकिन वापसी के बाद वे अच्छी लय में नजर आ रहे हैं। सिराज ने पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में कहा, मैं पिछले कुछ दिनों से सचमुच बीमार था, मुझे लगा कि मैं आज नहीं खेल पाऊंगा, लेकिन मैं वास्तव में खेलना चाहता था इसलिए यह बहुत अच्छा है कि मैं ऐसा कर सका। इस साल नई गेंद से काफी अभ्यास करने के बाद आज सफलता मिली। मुझे पिछले साल की याद दिला दी। जब मैं सुबह उठा तो मैंने सोचा कि मैं नहीं खेल पाऊंगा और मुझे आराम करना चाहिए। जब मैं जागा, तो मैंने वह प्रकट किया जो मैं करना चाहता था और वही हुआ। लाल और सफेद गेंद के क्रिकेट के बीच स्विच करना आसान नहीं है।

# उतार-चढ़ाव के बाद हरे और लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सोमवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा। आज सेंसेक्स हरे निशान पर और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 17।39 अंक या 0।02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 73,895।54 अंक पर बंद हुआ। दूसरी तरफ, निफ्टी 33।15 अंक या 0।15 प्रतिशत गिरकर 22,442।70 अंक पर पहुंच गया। आज निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 2।76 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 3।66 प्रतिशत गिर गया। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, तेल और गैस में भी गिरावट आई। कोटक महिंद्रा के शेयर सेंसेक्सपैक में टॉप गेनर रहे। इसके साथ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, तिमाही नतीजों में खामियों की वजह से टाइटन के स्टॉक 7 प्रतिशत गिर गया। भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुए। जापान और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टियों के कारण बंद थे। यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0।80 प्रतिशत चढ़कर 83।62 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज डेटा के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 2,391।98 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची।

वर्ष -60, रजिस्ट्रेशन संख्या : WB HIN/ 00780 **अखबार के स्वामी :** के के एम पब्लिशर के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** राजीव नयनम द्वारा प्रकाशित तथा एल.एस. पब्लिकेशन प्रा. लि. 4 केनाल वेस्ट रोड, कोलकाता-15 से मुद्रित और के के एम पब्लिशर, 7 मैंगोलेन (प्रथम तल), कोलकाता-700001 से प्रकाशित
**संपादक** - अशोक पांडेय*, फोन - 033-48032897, मेल - sutrakar.news @gmail.com